बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 154 | शनिवार 23 सितम्बर 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया



गाजियाबाद में मात्र
रू0 6.5 लाख
(छैः लाख पचास हजार)
में मकान खरीदने हेतु
सम्पर्क करें
मो0 9868944025
लोन सुविधा उपलब्ध है


## महिला आरक्षण जैसे कानून बनाने के लिए पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार जरूरीः मोदी




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को उभरते भारत की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक करार दिया है और चेताया है कि देश को आगे ले जाने के लिए ऐसे निर्णायक कानून बनाने में सक्षम पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार बहुत आवश्यक है।

श्री मोदी ने आज सुबह यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यी बात कही। श्री मोदी के सुबह भाजपा मुख्यालय में पहुंचने पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी का फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया।

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनती श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सभी महिला मंत्री और पार्टी की सभी महिला सांसद भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी को एक बड़ी सी माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी मौजूद थीं।

प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित महिला वृंद को संबोधित करते महिला आरक्षण विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह देश के लिए एक विशेष क्षण, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष दिन है।

उन्होंने कहा, मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है। आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं।

श्री मोदी ने कहा, कभी-कभी किसी निर्णय में देश के भाग्य को बदलने की क्षमता होती है। आज हम सभी ऐसे ही एक निर्णय के साक्षी बने हैं। ....संसद के दोनों सदनों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है। आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं।÷

उन्होंने कहा, कोटि-कोटि माताओं, बहनों के सपने को पूरा करने का सौभाग्य हमारी भाजपा सरकार को मिला है। इसलिए राष्ट्र को सर्वप्रथम मानने वाली पार्टी के रूप में, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में ये हमारे लिए गर्व का विषय है। श्री मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है। ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए तीन दशक से प्रयास कर रही थी। ये हमारी प्रतिबद्धता थी। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि यह कानून उभरते भारत की नवीकृत लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एक नए युग की शुरुआत करने की उनकी प्रतिबद्धता का एक ठोस प्रमाण है, जिसका लक्ष्य महिलाओं के जीवन स्तर और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷भारत को विकसित बनाने के लिए, आज भारत नारी शक्ति को खुला आसमान दे रहा है। आज देश, माताओं-बहनों-बेटियों के सामने आने वाली हर अड़चन को दूर कर रहा है। बीते नौ वर्षों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिश को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाई, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले।÷

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने कहा, ÷हमारी सरकार ने हमारी बहनों के जीवन को बेहतर बनाने, उन्हें सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि प्रदान करने के लिए लगातार योजनाएं शुरू की हैं और कार्यक्रम शुरू किए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गर्भवती महिलाओं को लाभ मिले। हमने पौष्टिक भोजन के लिए मातृ वंदना योजना शुरू की, महिलाओं के बैंक खातों में सीधे धनराशि जमा की।÷ उन्होंने कहा, ÷अपनी बेटियों की शिक्षा का समर्थन करने के लिए, हमने सुकन्या समृद्धि योजना में ब्याज दर बढ़ा दी है। हमने खाना पकाने की कठिनाई को खत्म करने के लिए उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किए। साथ ही, पानी लाने के बोझ को कम करने के लिए, हमने हर घर में पाइप से पानी पहुंचाने की योजना शुरू की। श्री मोदी ने कहा, हमारी बेटियों को अंधेरे में न रहना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए हमने सौभाग्य योजना के माध्यम से मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया। हमने उन्हें आयुष्मान भारत के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भी प्रदान किया। घर की संपत्ति पर बेटियों का अधिकार हो, इसके लिए हमने पीएम आवास योजना के घर उनके नाम किए हैं। इस साल, लाल किले से, मैंने देश में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ड्रोन प्रदान करने की योजना की भी घोषणा की है, ÷

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश, दिल्ली-एनसीआर में सभी पटाखों पर प्रतिबंध



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर शुक्रवार को राजधानी में कम प्रदूषण वाले पटाखों (ग्रीन पटाखे) सहित सभी पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में फायरक्रैकर एसोसिएशन द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में पटाखों के निर्माण और उपयोग की अनुमति नहीं दे सकती। शीर्ष अदालत ने राजधानी में पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की विफलता पर भी सवाल उठाया था। एसोसिएशन ने अपनी याचिका में ग्रीन पटाखों में बेहतर बदलाव के साथ बेरियम नामक रसायन को शामिल कर पटाखे की अनुमति देने की गुहार लगाई थी।

शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन राज्यों में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है, वहां लोग निर्धारित नियमों के अनुसार अपेक्षाकृत ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अदालत का यह आदेश दीपावली के दौरान प्रदूषण के स्तर और अस्थमा एवं अन्य मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बेहद खास है।

शीर्ष अदालत ने दोहराया कि पटाखों में बेरियम-आधारित रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले उसके पहले के आदेश दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगे। न्यायालय ने दीपावली त्योहार से पहले राजधानी में पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के दिल्ली सरकार के फैसले में भी किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपेक्षाकृत ग्रीन पटाखे फोड़े जाने का समर्थन किया।

## सरकार बनी तो जाति गणना होगी, बड़ी आबादी की होगी ज्यादा हिस्सेदारीः राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी विरोधी करार देते हुए आज कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी और जिसकी जितनी बड़ी आबादी होगी सरकार में उसकी उसकी उतनी ज्यादा हिस्सेदारी तय करेगी।

श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें यह जानकर के हैरानी हुई कि केंद्र सरकार में जो 90 प्रभावशाली सचिव हैं उनमें ओबीसी के सिर्फ तीन है। उन्होंने इसे ओबीसी के साथ अन्याय बताया और कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर इस वर्ग को न्याय दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में जहां भी कांग्रेस की सरकार बन रही है वहां किसी वर्ग के साथ अन्याय नहीं हो रहा है और



ओबीसी को न्याय मिल रहा है। उनका कहना था 'हमारी सरकार आएगी तो जातिगत जनगणना कराएंगे। देश को पता चलेगा कि ओबीसी, दलित और आदिवासी कितने हैं। उन्हें देश चलाने में भागीदारी मिलेगी।'

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर उन्होंने संसद में केंद्र सरकार से सवाल किया। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दावा करते हैं कि वह ओबीसी के हितैषी हैं। उनसे पूछा गया कि अगर वह सच मे ओबीसी के हितैषी है तो बताएं देश को चलाने वाले 90 नौकरशाह में से ओबीसी की कितने हैं। इसमें पता चला कि ओबीसी के सिर्फ तीन सेक्रेटरी है। उन्होंने श्री मोदी से दूसरा सवाल किया कि देश का जो बजट है उसमें यह तीन ओबीसी के लोग कितना नियंत्रित करते हैं, आदिवासी और दलित के बजट को कितना नियंत्रित करते हैं तो पता चला कि ओबीसी के लोग सिर्फ पांच प्रतिशत बजट को नियंत्रित करते हैं।

## स्टालिन के बेटे उदयनिधि के खिलाफ मुकदमे की याचिका पर तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु में दो सितंबर को आयोजित 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच और वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के वकील बी जगन्नाथ की याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। याचिकाकर्ता के एक





वकील ने कहा कि अगर यह किसी व्यक्ति विशेष के धर्म के खिलाफ बयानबाजी का मामला होता तो इसे समझा जा सकता था। उन्होंने कहा,÷लेकिन यहां एक मंत्री और राज्य मशीनरी एक विशेष धर्म के खिलाफ मोर्चा खोल रही है।÷

शीर्ष अदालत ने वकील की इस दलील पर कि घृणास्पद भाषण से संबंधित समान मुद्दे लंबित हैं, मामले में नोटिस जारी किया।

याचिका में श्री जगन्नाथ ने मंत्री उदयनिधि, डीएमके नेता पीटर अल्फोंस, ए राजा और थोल थिरुमावलवन और उनके अनुयायियों के खिलाफ सनातन धर्म या हिंदू धर्म के खिलाफ कोई भी नफरत भरा भाषण देने के खिलाफ निषेधाज्ञा की गुहार लगाई गई है।

श्री जगन्नाथ ने अपनी याचिका में शीर्ष अदालत से यह घोषणा करने की मांग की कि 2 सितंबर 2023 को आयोजित सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन% में राज्य के मंत्रियों की भागीदारी असंवैधानिक थी और संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन थी। याचिकाकर्ता अपनी याचिका में तमिलनाडु राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग को यह निर्देश देने की भी मांग की है कि कर्नाटक के हिजाब मामले में शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार सभी माध्यमिक विद्यालयों में किसी भी हिंदू धर्म के खिलाफ कोई भी सम्मेलन नहीं होना चाहिए।

## घाना में बंदूकधारियों ने की बसों पर गोलीबारी, नौ लोगों की मौत

**अकरा।** पश्चिम अफ्रीकी देश घाना के ऊपरी पूर्व क्षेत्र में व्यापारी काफिले की बसों पर अज्ञात बंदूकधारियों के एक समूह की गोलीबारी में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य को घायल कर दिया। पुसिगा के जिला मुख्य कार्यकारी जुबेरू अब्दुलाई ने गुरुवार देर रात मीडिया को यह जानकारी दी है।

अब्दुलाई कहा कि पीड़ितों पर उस समय हमला हुआ जब वे ऊपरी पूर्व क्षेत्र के एक अशांत शहरी समुदाय बावकू से पड़ोसी बुर्किना फासो के एक बाजार केंद्र की ओर जा रहे थे। उन्होंने कहा, बावकू और उसके आसपास सशस्त्र हमलों के कारण व्यापारी पुलिस एस्कॉर्ट के साथ एक काफिले में थे, जब अज्ञात



बंदूकधारियों ने अचानक पुसिगा के आसपास बसों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।

अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा सेवाओं ने त्वरित कार्रवाई की और सुरक्षा कड़ी करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## दिल्ली में फिर उमस भरी गर्मी कर रही परेशान, कब होगी राहत की बारिश

**नई दिल्ली।** दिनभर निकली तेज धूप के कारणदिल्ली का पारा सामान्य से तीन डिग्री ऊपर रहा। इस दौरान इक्का-दुक्का जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई। इससे लोगों को ज्यादा गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। राजधानी के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार सुबह से तेज धूप निकली रही। दिन चढ़ने के साथ धूप और तेज हो गई। इस कारण अधिकतम तापमान में तेजी से इजाफा हुआ। हालांकि, आयानगर और नजफगढ़ क्षेत्र में इक्का-दुक्का जगहों पर बूंदाबांदी हुई, लेकिन इससे गर्मी और उमस में इजाफा हुआ। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। यह सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 83 से 53 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। हवा की गति 10-16 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने की संभावना



है। कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम के अलग-अलग कारकों के कारण दिल्ली की हवा लगातार साफ बनी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 114 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा मध्यम श्रेणी में रखी जाती है।

**इस बार दिल्ली में दस दिन देर से विदा होगा मॉनसून**

सितंबर के महीने में बारिश भले कम हो रही हो लेकिन मॉनसून की मौजूदगी अभी बनी रहने के आसार हैं। माना जा रहा है कि इस बार मॉनसून की वापसी (विदड्राल) में दस दिन की देरी हो सकती है। इसके बाद ही हवा की दिशा में बदलाव होगा। दिल्ली में इस बार का मॉनसून सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। पहले तो जून और जुलाई में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। लेकिन, अगस्त के महीने में सामान्य से कम बारिश हुई। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जून में सामान्य से 37 फीसदी और जुलाई में सामान्य से 83 फीसदी ज्यादा बारिश हुई। लेकिन, अगस्त में सामान्य से 61 फीसदी कम बारिश हुई। यही नहीं सितंबर के अभी तक के दिनों में भी सामान्य से 37 फीसदी कम पानी बरसा है। सितंबर के महीने में अभी तक केवल एक दिन ऐसा रहा है जब मध्यम बारिश हुई है। बाकी दिनों में हल्की बूंदाबांदी ही हुई। इसके चलते मौसम में सामान्य से ज्यादा उमस और गर्मी बनी हुई है। हालांकि, अभी मॉनसून की परिस्थितियां बनी हुई है। आमतौर पर दिल्ली से मॉनसून की वापसी 25 सितंबर तक हो जाती है। लेकिन, इस बार मॉनसून के देर तक रहने की संभावना है। मौसम निगरानी संस्था स्काईमेट के मौसम विशेषज्ञ महेश पालावत बताते हैं कि आमतौर पर 17 सितंबर के पश्चिमी राजस्थान के मॉनसून की विदाई शुरू होती है। लेकिन, इस बार अभी तक पश्चिमी राजस्थान से विदाई के संकेत नहीं मिले हैं।

## कनाडा से तनाव के बीच सरकार की चैनलों को सलाह, डिबेट में देश के दुश्मनों को न बुलाएं

**नई दिल्ली।** कनाडा के साथ चल रहे राजनयिक विवाद के बीच सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक सख्त रिमाइंडर जारी किया है। सरकार ने टीवी चैनलों से देश के दुश्मनों को डिबेट में न बुलाने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में ऐसे व्यक्ति को टीवी पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था जिस पर अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं। जारी नोटिफिकेशन में कहा गया, ÷मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि विदेश के एक व्यक्ति को टेलीविजन चैनल पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था। उस व्यक्ति के खिलाफ आतंकवाद सहित अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं और भारत में कानून द्वारा प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा है। उक्त व्यक्ति ने कई टिप्पणियां कीं जो देश की संप्रभुता/अखंडता, भारत की सुरक्षा, एक विदेशी देश के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए हानिकारक थीं। उनमें देश में सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने की भी संभावना थी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि टेलीविजन चैनलों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को उनके एजेंडा के लिए कोई भी मंच देने से बचें। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके खिलाफ गंभीर अपराध/आतंकवाद के आरोप हैं। इसमें कहा गया,



हालांकि सरकार मीडिया की स्वतंत्रता को कायम रखती है और संविधान के तहत उसके अधिकारों का सम्मान करती है, लेकिन टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित कंटेंट को सीटीएन अधिनियम, 1995 के प्रावधानों का पालन करना चाहिए, जिसमें धारा 20 की उपधारा (2) भी शामिल है। सरकार का ये रिमाइंडर ऐसे समय में है जब भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कूटनीतिक विवाद चल रहा है। जून में निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद यह विवाद उत्पनन हुआ। भारत ने मंगलवार को इन आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया था और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले में कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। भारत ने बुधवार को और कड़ा रुख अपनाते हुए कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से समर्थित घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों और वहां की यात्रा का विचार कर रहे अपने नागरिकों को ''अत्यधिक सावधानी'' बरतने का परामर्श जारी किया।

# कनाडा बदले भारत विरोधी नीति

प्रभुनाथ शुक्ल

कनाडा और भारत के रिश्ते बिगड़ने का दोनों देशों की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। जहां एक-दूसरे का व्यापार प्रभावित होगा। वहीं विनिवेश पर भी सीधा प्रभाव पड़ेगा। भारत और कनाडा ने एक-दूसरे देशों में भारी पैसे का विनिवेश किया है। ऐसी स्थिति में दोनों देशों को रिश्तों की कड़वाहट का समाधान एक टेबल पर बैठ कर निकालना होगा। कनाडा को हर हाल में समझना होगा कि भारत संप्रभु राष्ट्र है। वह विदेश की धरती पर अपने खिलाफ अलगाव की उठने वाली आवाज को बर्दाश्त नहीं करेगा। जस्टिन ट्रूडो को दोनों देशों के अहम रिश्ते को देखते हुए अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का त्याग करना पड़ेगा। सिख फॉर जस्टिस संगठन पर लगाम कसनी पड़ेगी।

भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख को चले हैं। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच मुलाकात में कनाडा की धरती से संचालित भारत विरोधी गतिविधियों को बंद करने की नसीहत दी गयी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कह दिया था कि कनाडा को खालिस्तान जैसे आतंकी संगठन पर कठोर कदम उठाने होंगे। लगता है भारत की नसीहत जस्टिन ट्रूडो को अच्छी नहीं लगी।

सम्मेलन से वापस लौटने के बाद बगैर सबूत के हरजीत सिंह निज्जर की हत्या का आरोप उन्होंने भारत पर मढ़ दिया। हालाँकि भारत ने इससे साफ तौर से इनकार किया है। लेकिन यह कनाडा की राजनीतिक चाल है। जस्टिन सरकार कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के सिख समुदाय की सहानुभूति लेना चाहती है। जबकि सच यह है कि सरकार अभी तक यह पता ही नहीं लगा पाई की निज्जर की हत्या क्यों और किसने की। इस मामले कनाडा जाँच आयोग क्यों नहीं बैठाता। भारत जैसे सहिष्णु राष्ट्र पर बगैर साक्ष्य के यह आरोप क्यों लगाती है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर जल्दबाजी दिखाते हुए भारतीय राजनयिक को देश से निकल जाने का फरमान सुना दिया। लिहाजा भारत को भी ऐसा करना था, भारत ने भी कनाडा के डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दे दिया। इस घटना के बाद से दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से दुनिया के मंच पर आवाज उठाता रहा है। वह संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और दूसरे वैश्विक मंचों पर अपनी बात बेहद मजबूती से करता रहा है। क्योंकि आतंकवाद से वह स्वयं पीड़ित है। आतंकवाद की जितनी पीड़ा भारत झेल रहा है शायद दुनिया का कोई भी देश इस समस्या से ग्रसित हो। पाकिस्तान और कनाडा हमेशा से अलगाववादी संगठन खालिस्तान का समर्थन करता रहा है। हरदीप सिंह निज्जर पंजाब का रहने वाला था। जून में उसकी हत्या कनाडा में हुई थी। जिस पर काफी प्रदर्शन हुआ था। कनाडा में इस मामले ने इतना तूल पकड़ा की प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को संसद में बयान देना पड़ा। अपनी सरकार को घिरता देख बड़ी चालाकी से हरदीप की हत्या



का आरोप भारतीय एजेंटों पर मढ़ दिया। अगर यह मामला हद के पार जाता तो जस्टिन की कुर्सी फंस सकती थी। क्योंकि कनाडा में काफी संख्या में सिख समुदाय रहता है। वहां सिख समुदाय इतना मजबूत है कि सरकार बनाने और बिगाड़ने की ताकत रखता है। जिसका नतीजा है कि कनाडाई पीएम अपना गला फंसता देखा तो हत्या का कलंक भारत के सिर पर मढ़ दिया। क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से जी-20 मुलाकात में खालिस्तान का समर्थन करने वाले संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के खिलाफ कठोर कदम उठाने की नसीहत दी गई थी।

भारत और कनाडा के बीच तल्ख सम्बन्धों का लाभ खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू उठाना चाहता है। कनाडा में उसने सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया है जो भारत में अलग से खालिस्तान देश बनाने की वकालत करता है। पन्नू ने हिंदुओं को कनाडा छोड़ने का फरमान सुनाया है। इसके अलावा भारतीय दूतावास को बंद करने की भी धमकी दी है। इससे साफ जाहिर होता है कि पन्नू और कनाडा सरकार एक साथ मिलकर एक दिशा में काम कर रहे है। क्योंकि जस्टिन ट्रूडो को मालूम है कि खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू और उसके संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हैं तो उनके राजनीतिक भविष्य के लिए यह कदम अच्छा नहीं होगा। ऐसी हालत में अपनी कुर्सी बचाने के लिए वह आतंकी पन्नू से मिले हुए हैं। कनाडा में रह रहे सिखों की सुरक्षा की आड़ में वह सियासत का घिनौना खेल खेल रहे हैं।

कनाडा और भारत के संबंध वैसे भी काफी पुराने हैं। लेकिन खालिस्तानी आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस की तरफ से वहां भारत विरोधी हवा दिए जाने के बाद से भारत और कनाडा के संबंध नाजुक दौर से गुजर रहे हैं । जी-20 का मंच ट्रूडो के लिए एक बेहतर अवसर हो सकता था, लेकिन उन्होंने इसे खो दिया। दुनिया का कोई भी देश अपनी संप्रभुता, एकता और अखंडता के खिलाफ उठने वाली आवाज को क्यों बर्दाश्त करेगा। अगर भारत में पन्नू जैसे लोग वही हरकत कनाडा के खिलाफ करते तो उनकी प्रतिक्रिया क्या होती। भारत एक सक्षम राष्ट्र है। दुनिया में भारत की इमेज है, यह कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को समझाने की बात नहीं है। इस बात को अच्छी तरह वह समझ रहे हैं। खालिस्तान संगठन का समर्थन तो अपने सियासी लाभ के लिए करना चाहते हैं, लेकिन भारत इस स्थिति को बर्दाश्त करने वाला नहीं है। जस्टिन ट्रूडो की तरफ से जो कदम उठाए गए हैं उसका असर निश्चित रूप से भारत और कनाडा के बीच होने वाले व्यापार पर पड़ेगा। दुनिया में भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन का हमेशा से अगुवा रहा है। वह हमेशा अलगाववाद नहीं शांति की बात करता रहा है। जबकि कनाडा नाटो का सदस्य रहा इसके बाद भी भारत ने कनाडा से संतुलन बनाए रखा। लेकिन हाल में कनाडा जिस तरह की गंदी नीति का परिचय दिया है उसका जवाब भारत में मुंहतोड़ देगा। कनाडा, रूस जैसा हमारा मित्र राष्ट्र नहीं रहा है। उसने कश्मीर में भी जनमत संग्रह का समर्थन किया था। इसके अलावा भारत ने जब 1974 और 1998 में परमाणु परीक्षण किया था तो कनाडा ने इसका विरोध किया था। भारत पर आर्थिक प्रतिबंध भी लगाया था।

कनाडा और भारत के बीच रिश्तों में आए तनाव की मुख्य वजह सिख फॉर जस्टिस संगठन हैं। खालिस्तान की आड़ में आतंकी पन्नू भारत विरोधी गतिविधियां चलाता रहा है। कनाडा में आए दिन यह संगठन भारत के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। कनाडा में भारी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। जिसमें सिखों की आबादी अधिक है। हिन्दुओं को कनाडा छोड़ने का इसका बयान भी इसकी सोच को रेखांकित करता है।

कनाडा और भारत के रिश्ते बिगड़ने का दोनों देशों की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। जहां एक-दूसरे का व्यापार प्रभावित होगा। वहीं विनिवेश पर भी सीधा प्रभाव पड़ेगा। भारत और कनाडा ने एक-दूसरे देशों में भारी पैसे का विनिवेश किया है। ऐसी स्थिति में दोनों देशों को रिश्तों की कड़वाहट का समाधान एक टेबल पर बैठ कर निकालना होगा। कनाडा को हर हाल में समझना होगा कि भारत संप्रभु राष्ट्र है। वह विदेश की धरती पर अपने खिलाफ अलगाव की उठने वाली आवाज को बर्दाश्त नहीं करेगा। जस्टिन ट्रूडो को दोनों देशों के अहम रिश्ते को देखते हुए अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का त्याग करना पड़ेगा। सिख फॉर जस्टिस संगठन पर लगाम कसनी पड़ेगी। कनाडा में भारी संख्या में भारतीय मूल के लोग वहां रहते हैं। काफी संख्या में वहां छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इस तरह के माहौल में उनकी सुरक्षा का भी सवाल है। इस समस्या का हल कूटनीतिक तरीके से निकलना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### सब्र का फल

महिला आरक्षण बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक अंततः लोक सभा में पास हो गया। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले वर्षों में लोक सभा तथा राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को ३३ फीसद आरक्षण मिलेगा। बिल के समर्थन में 454 वोट ड़ाले गए। केवल दो वोट विरोध में रहे। तीन दशकों से संसद में अटके इस विधेयक को पास कराने का श्रेय लेने में सत्तधारी दल भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तीखी नोक-झोंक के बावजूद महिलाओं के हक में उठा यह कदम एतिहासिक माना जाएगा। यह आरक्षण पंद्रह सालों के लिए है, जिसे संसद बढ़ाने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि महिलाओं को इसका लाभ 2029 के लोक सभा चुनाव में मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। क्योंकि इसे अमलीजामा पहनाने की संवैधानिक प्रक्रिया लंबी होती है। पहली बार 1974 में इस मुद्दे को उठाया गया था। 2010 में मनमोहन सरकार ने राज्य सभा में इसे बहुमत से पास करा लिया था। मगर तब सपा व आरजेड़ी ने इसका विरोध करते हुए गठबंधन वाली सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी थी। अभी भी वे आरक्षण के भीतर आरक्षण को लेकर अड़े. हुए हैं। इस बार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी इसमें ओबीसी को शामिल करने की बात उठाई, जबकि विरोध करने वाले हैदराबाद के सांसद असदुदीन ओवैसी व औरंगाबाद के सांसद इम्तियाज जलील का सोशल मीड़िया में जबरदस्त उपहास किया गया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपने भावनापूर्ण भाषण में यह कह कर कि भारत की नारी के ह्रदय में महासागर जैसा धीरज है, स्त्री के धैर्य के अंदाजा लगाना नामुमकिन है, लोगों का दिल जीत लिया। हालांकि यह आरक्षण राज्यसभा व विधान परिषदों में नहीं लागू होगा। मगर जनता द्वारा चुनी गई महिलाओं की विशाल संख्या जब संसद में होगी तो उसके नतीजों के आधार पर ही कोई तय राय बनाई जा सकेगी। सबसे जरूरी होगा राजनीतिक दलों द्वारा किया जाने वाला प्रत्याशियों का चयन। पूर्वाग्रहों से ग्रस्त मतदाताओं के रुख को भी हम नहीं नकार सकते। यह स्वयं महिलाओं के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं होने वाला। अब उन्हें अपनी प्रतिभा और कर्मठता को बहुत सटीक ढंग से देश के समक्ष रखने का सुनहरा मौका होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत के नवनिर्माण में महिलाएं खुद को बेहतर ढ़ंग से साबित करने में कामयाब रहेंगी।




## चिंतन-मनन

### मौन का तन मन की सुन्दरता के लिये महत्व

प्रत्येक मनुष्य सुन्दर एवं स्वस्थ्य रहना चाहता है। सुन्दरता एवं स्वस्थ्य का राज मौन मै छिपा हुआ है। सामान्यतः चुप रहना मौन है, प्राचीन पुराण बचन के साथ ईर्ष्या, डाह, छल, कपट और हिन्सा को कम करना मोन होता है। मनोवैज्ञानिक ह्यफ्रायडह्न का कहना है कि जीवन अन्तर्द्वंद्वी श्रृंखलाओं से मिल कर बना है। अन्तर्द्वंद्व दो या दो से अधिक विरोधी इच्छाओं का एक साथ उत्पन्न होना है। ये असीम इच्छायें पूर्ण न होने पर तनाव नामक बीमारी देती है। जिससे आज के अधिकांस व्यक्ती ग्रासित है। अन्तर्द्वंद्व में फंसे व्यक्ति की स्थिति कई विपरीत दिशाओं से आने वाली नदियों के पानी के साथ मिलने से भॅवर बनती है कि जैसी हो जाती है। भॅवर में फसे व्यक्ति को न बैठे शांति मिलती है न लेटे, न भूख लगती है, न प्यास, न ही ध्यान अध्ययन में मन लगता है। याददास्त क्षमता कम हो जाती है। हार्ट अटेक, आत्म हत्या भी इसी कारण करते हैं।

हर मनुष्य अन्नत शक्तिमान है। यह शक्ति मन एवं पाचों इन्द्रियों के कार्यो में खर्च होती है। मन एवं इन्द्रियों को बस मे करने का कार्य ह्यमौनह्न करता है। मौन रहने से मनुष्य के अन्दर की छुपी हुई शक्ति उदय हो जाती है। आज के कल युग में इनद्रिय विषय-भोगों की सामग्री में वहुत वृद्धि हूई है जिसे अपनाने पर इक्छा शक्ति में अधिक बृद्धि हो रही है। जो टेन्सन को जन्म देती है। अतः आज टेन्सन बड़ी बीमारी हो गई है। जो भी व्यक्ति अधिक बोलते है उनके मुख में रहने वाला पाचक रस सूख जाता है। मानसिक सन्तुलन खो जाता है, ह्रदय गति तेज हो जाती है। मान इन सब परेशानियों से बचने की राम वाण औषधी है। दिन में एक घण्टा मौन रहने पर दो घण्टे की कार्य क्षमता में बृद्धि होती है। रक्त प्रवाह सामान्य स्वस्थ्य होता है, तन, मन, सुन्दर बनता है। अतः संयमित वोल मान को जीवन में अपनाना चाहिये।

## महिला आरक्षण बिल चुनावी ढोल, बजेगा-शोर करेगा, शांत हो जाएगा



सनत जैन



महिला आरक्षण बिल लोक सभा और राज्यसभा से सर्वसम्मति से पारित हो गया है। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल को लेकर अधिकांश सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। सरकार ने इस बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है। यह एक अच्छी शुरूआत है, पक्ष और विपक्ष ने आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला आरक्षण बिल को पक्ष भी मान रहा है, और विपक्ष भी मान रहा है। यह संयोग महिलाओं की किस्मत से बना है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के सहयोगी दलों ने लोकसभा और राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल्कुल तुरंत लागू करने की मांग की है। इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस नेताओं ने महिलाओं के आरक्षण में एसटी /एससी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिए जाने की मांग संसद में की। इस मांग को सरकार ने नहीं माना संसद में कहा कि कानूनी प्रावधानों को पूरा के बाद ही कानून लागू करने की बात कही है। लोकसभा और राज्यसभा में सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि यह विधेयक 2029 के लोकसभा चुनाव से ही लागू होगा, उसके पहले नहीं हो सकता है। सरकार ने विशेष सत्र बुलाया था और महिला आरक्षण बिल को चुनाव के लिए एक मास्टर स्ट्रोक बताया था। लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष और विपक्ष ने पक्ष रखा है, उससे इतना तय है, महिला आरक्षण विधेयक का ऊँट किसी भी करवट बैठ सकता है। इससे सत्ता पक्ष को फायदा भी हो सकता है और सत्ता पक्ष को बड़ा नुकसान भी हो सकता है, विपक्षी गठबंधन इंडिया जिस तरह से पिछड़ा वर्ग को महिला आरक्षण में शामिल करने की मांग कर रहा है। बिल पास होने के बाद सभी वर्गों की महिलाओं को आरक्षण देने की बात कर रहा है। उसका विपक्ष को फायदा मिल सकता है। लोकसभा चुनाव को द्दष्टिगत रखते हुए महिला आरक्षण बिल और सनातन धर्म को भाजपा मास्टर स्ट्रोक मान रही है। सनातन धर्म को लेकर एक बड़ा विवाद तमिलनाडु से शुरू हुआ था। यह विवाद महिला आरक्षण बिल से भी जुड़ गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा सनातन धर्म महिला विरोधी है। नई संसद भवन के शिलान्यास और उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं किया गया। जबकि वह दोनों सदन के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करती हैं। राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख है। इसके बाद भी महिला आदिवासी राष्ट्रपति को इसलिये नहीं बुलाया गया कि सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार विधवा होने के कारण शुभ काम और धार्मिक कार्यों से दूर रखा जाता है। महिला आरक्षण बिल में चल रही बहस को सनातन धर्म से भी जोड़ दिया गया है। इसके पहले भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी हिंदू मंदिरों में प्रवेश एवं पूजा पाठ से रोकने का प्रयास किया जाता था। कभी उन्हें विधवा के रूप में और कभी पारसी के रूप में और कभी मुस्लिम कहकर उनका समय-समय पर अपमान सनातन धर्म में हुआ है। बहरहाल नारी शक्ति बंधन अधिनियम लोकसभा और राज्यसभा से पास हो गया है। पिछड़े और एससी एसटी वर्ग को शामिल करने की मांग को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच में संसद के अंदर तलख बहस भी हुई है। इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ने पूरा दबाव बनाया है कि पिछड़ा वर्ग को भी इसमें शामिल किया जाए। राहुल गांधी ने लोकसभा में सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के 90 सचिव है। इसमें मात्र 3 पिछड़ा वर्ग के है। सरकार 50 फीसदी पिछड़ों की उपेक्षा कर रही है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन महिला आरंक्ष को तुरन्त लागू करने तथा महिलाओं को वर्गवार आरक्षण देने का चुनावी मुद्दा बनायेगा। महिला आरक्षण बिल तुरंत लागू किया जाए। इसके समर्थन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जैसे तीन किसान कानून, नोटबंदी, एनआरसी धारा 370 इत्यादि के कानून लागू किए गए हैं। वैसे ही महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू किया जाए। महिला आरक्षण बिल चुनावी मुद्दा बन गया है। पक्ष एवं विपक्ष चुनाव मैदान में इसी अस्त्र का उपयोग करेगा। सत्ता पक्ष सनातन और हिन्दू धुव्रीकरण के बल में चुनाव मैदान में उतरेगा। वहीं विपक्ष 50 फीसदी महिलाओं के वोट बैंक और मंडल की राजनीति में गैर सनातनियों जिसमें हरिजन, दलित, पिछड़े, आदिवासी जिनकी आबादी 50 फीसदी है। उनके सहारें चुनाव मैदान में सत्ता पक्ष से भिड़ेगा। महिला आरक्षण चुनावी मुद्दा बन चुका है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष अपने तरकश से घोषणाओं के तीर छोड़कर चुनाव जीतने की रणनीति तैयार करेंगे। महिला आरक्षण बिल चुनावी ढोल होगा। जब तक थाप पड़ेगी, शोर करेगा। चुनाव बाद थाप बंद हो जाएगी और महिला आरक्षण का मुद्दा भी ठंडा पड़ जाएगा। यह कहा जा रहा है।

## तो क्या 6 महीने के लिए टाल दिए जाएंगे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव?



अतुल मलिकराम



जिस तेजी से केंद्र की मोदी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर आक्रामक नजर आ रही है, उससे ये अनुमान लगाना आसान हो गया है कि 'बहुत जल्द इससे जुड़ी सुगबुगाहट, वास्तविकता का रूप ले सकती है.' जिस तरह विशेष संसद के पहले दिन पीएम मोदी ने पुराने संसद में कई भावुक बयान दिए, और नए संसद को 2047 के विकसित भारत से जोड़ते हुए, 75 सालों की यात्रा को एकसाथ मिलकर आगे बढ़ाने की बात कही, उससे उन कयासों को और मजबूती मिल गई है जो अब तक मीडिया और सियासी गलियों में ही गोते खा रहे थे. पीएम मोदी ने जिस तरह इस विशेष सत्र को ऐतिहासिक निर्णयों वाला बताया, बहुत संभव है कि उन्होंने देश को वन नेशन वन इलेक्शन का तोहफा देने का भी मूड बना लिया हो. चूंकि पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी का गठन पहले ही किया जा चुका है तो सरकार का पक्ष अपने आप साफ हो जाता है, लेकिन क्या केंद्र के लिए ये सब कुछ इतना आसान होगा?

क्या ऐसी भी कोई सम्भावना है कि केंद्र आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों तक के लिए टाल दे? चूंकि फिलहाल तेलंगाना, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में से सिर्फ मध्य प्रदेश में ही बीजेपी की सरकार है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि केंद्रीय नेतृत्व के भरसक प्रयास को भी प्रदेश में बीजेपी की वापसी के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. कुछ पार्टी के अंदरूनी कलेश के कारण और कुछ केंद्र की मेहरबानियों के कारण, और ऐसी स्थिति सिर्फ मध्य प्रदेश में नहीं बल्कि देश के कई राज्यों में बनी हुई है, जहां बीजेपी शासन में है. ऐसे समय में सत्ता पक्ष के लिए सबसे अच्छा यही फामूर्ला हो सकता है कि पहले वन नेशन वन इलेक्शन को प्लेटफार्म पर लाया जाए और फिर राज्यों के विधानसभा चुनावों का समीकरण तैयार किया जाए.

लोकसभा चुनाव 2024 में फिलहाल लगभग 6 महीने से अधिक का समय है यानि इतना ही समय केंद्र के पास भी वन नेशन वन इलेक्शन का मसौदा तैयार करने, लागू करने और प्रदेशों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बनी मतदाताओं की नाराजगी को कम करने का है. क्योंकि फिलहाल केंद्र सरकार, महंगाई, बेरोजगारी, असहिष्णुता जैसे मुद्दों पर घिरी हुई है. और देश का एक बड़ा धड़ा इंडिया गठबंधन के जरिए विपक्षी खेमे में जाता नजर आ रहा है. इन सब से पार पाने का सबसे सटीक तरीका वन नेशन वन इलेक्शन हो सकता है लेकिन इसको धरातल पर लाने वाली मुश्किलों से कैसे पार पाया जाएगा, यह अधिक विचारणीय है. फिर क्या इसके लिए सभी दल राजी हो जाएंगे? लेकिन फिर अन्य राज्यों में चल रही सरकारों का क्या होगा?

यदि राजनीतिक दलों के स्तर पर सब सही भी रहता है तो आप इतने बड़े स्तर पर सरकारी मशीनरी का बंदोबस्त कैसे करेंगे? इसके इतर वोटर आखिर किस मुद्दे पर वोट डालेंगे, चूंकि केंद्र और राज्यों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं, और राष्ट्रीय विषयों को प्रदेश व शहर या क्षेत्रीय विषयों से सीधे तौर पर नहीं जोड़ा जा सकता तो एक मतदाता किस आधार पर केंद्र और राज्य सरकारों का चुनाव करेगा? इतना ही नहीं आप क्षेत्रीय पार्टियों के अस्तित्व को फिर कैसे देखेंगे? इसके लिए लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1951 में विभिन्न संसोधनों और लोकसभा व विधानसभा की प्रक्रियाओं में संसोधन को भी अंजाम देना होगा. लेकिन विधि आयोग के अनुसार इन संसोधनों के लिए राज्यसभा के भी 50 फीसदी मतों की जरुरत पड़ेगी.

ऐसे ही तमाम प्रश्न और हैं और किये जा सकते हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को खोजना होगा, और ऐसा सिर्फ सर्वसम्मति से ही संभव है शायद इसीलिए सत्ता पक्ष के कड़क लहजे में अब थोड़ी नरमी देखने को मिल रही है. अंतिम फैसला जो भी हो, ऊपर से देखने और सुनने में वन नेशन वन इलेक्शन जितना कलेक्टिव और प्रोग्रेसिव लगता है, जमीनी स्तर पर इसे लागू करना उतना ही पेंचीदा और मुश्किल मालूम पड़ता है.

- (राजनीतिक रणनीतिकार)

संस्कार उजाला

# 275 करोड़ रुपए से उप्र. की सड़कों को गड्ढा मुक्त बना रही योगी सरकार



**संस्कार उजाला, आरके शर्मा**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की व्यापक कायाकल्प की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है कि चाहें बात औद्योगिक विकास की हो या फिर मूलभूत अवसंरचनाओं के निर्माण व पुनरुद्धार की हो, सभी क्षेत्रों में योगी सरकार की विस्तृत कार्ययोजना रंग लाने लगी है। इसी बात का प्रमाण सड़क सौंदर्यीकरण, गड्ढामुक्ति व मार्गों के रीस्टोरेशन प्रक्रिया को लेकर भी देखा जा सकता है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2022-23 के बीच गड्ढा मुक्ति के लक्ष्यों को हासिल करने में 100 प्रतिशत सफलता मिली है, वहीं रीस्टोरेशन कार्यों को 93 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने की ओर तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है। इन पर भी तेजी से कार्य जारी है और योगी सरकार द्वारा लगातार इस संबंध में मॉनिटरिंग भी की जा रही है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 10 विभागों के अंतर्गत 100867 मार्गों के गड्ढा मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त किया। वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, इस दिशा में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की गई है। वहीं, मार्गों के रीस्टोरेशन वर्क्स को पूर्ण करने के लिए 98355 सड़कों के रीस्टोरेशन कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार, कुल 93 प्रतिशत कार्यों को वर्ष 2022-23 के बीच पूर्ण कर लिया गया है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा सतत प्रक्रिया जारी है और सभी कार्यों की सिलसिलेवार समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन विभागों के संयोजन से इन कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है उनमें लोकनिर्माण विभाग के अतिरिक्त नेशनल हाइवे (पीडब्ल्यूडी), नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई-वेस्ट यूपी), एनएचएआई (ईस्ट यूपी), मंडी परिषद विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास विभाग (यूपीआरआरडीए), नगर विकास विभाग, गन्ना विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग प्रमुख हैं।

## धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय चाय दिवस



**संस्कार उजाला, अजय कुमार**

**बेहट।** प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर 2 में शिक्षिका अंजली आर्य ने राष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर बच्चों को पेपर कप बनाना सिखाया। शिक्षिका ने बच्चों को बताया कि यह दिवस क्यों मनाया जाता है इसका उद्देश्य क्या है? चाय हमारी दिनचर्या का हिस्सा है हम सभी को चाय बहुत पसन्द होती है भारत में सबसे ज्यादा चाय का उत्पादन आसाम में होता है चाय का यदि सीमित मात्रा में सेवन किया जाए तो वह हमारे स्वास्थ्य को कोई हानि नहीं पहुंचाती परंतु यदि अत्यधिक मात्रा में इसका सेवन हम करते हैं तो यह हमारे लिए हानिकारक हो जाती है बच्चों को चाय के फायदे व नुकसान के विषय में बताया गया और सभी बच्चों को कागज का कप बनाना सिखाया जिसे बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक सिखा और सुन्दर सुन्दर पेपर कप बनाएं।इस अवसर पर रिजा,फलक, जकिया, अर्शी मुसब्बिया असद अमन महक सफिया अजरा आदि बच्चे उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त डायरी

## नानौता में चोरों का आतंक, घर में घुसे चोर, एक चोर गिरफ्त में

**संस्कार उजाला, अजय शर्मा**

**सहारनपुर।** नानौता नगर में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रात्रि में एक मकान में कुछ चोर घुस आए। घर में जाग होने पर सभी छत के रास्ते फरार होने लगे, शोर की आवाज सुनकर कालोनीवासियों ने एक चोर को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। नगर नानौता के मौहल्ला छत्ता निवासी आशमा ने बताया कि बीते गुरुवार शुक्रवार की रात चार चार उसके घर में घुस आए और अलमारी में रखे तीन तोला सोना एवं 45000 रुपए चोरी कर लिए। जाग होने पर महिला ने शोर मचाया, इसके बाद मोहल्ले वासियों की मदद से भाग रहे चोरों में से एक चोर को लोगों ने दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, इसी के मकान के नजदीक महिला मोसिना ने भी थाने पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि करीब 15 दिन पूर्व उसके घर में अज्ञात चोरों द्वारा चार तोला सोना एवं 85000 की नगदी चोरी कर ली गई थी। जिसके संबंध में उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की जाने की मांग की है।

## हापुड़ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के नाम प्रधान फेर रहे हैं अपना मुँह



**संस्कार उजाला**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार जहाँ एक तरफ ग्रीन यूपी क्लीन यूपी की बात करती नजर आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ यूपी के ग्रामीणों मैं सरकार और ग्राम प्रधानों की विकास के नाम पर पोल खुलती नजर आ रही है !आपको बतादें की जब ग्राम विकास के मुद्दों के बारे मैं मीडिया बात करती है तो प्रधानों का जवाब होता है की सरकार विकास के नाम पर भेजे गए प्रस्तावों पर बजट के मुताबिक पैसे नहीं दे पाती है तो विकास कैसे कराएं !साथ में ग्राम प्रधान कहते हैं कि इससे तो हम पहले ही ठीक थे !ऐसे ही ग्राम विकास का मामला जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ छेत्र के ग्राम उपेड़ा का देखने को मिला जो की टूटी नालियां और खड़ंजे साफ बयान कर रहे हैं की गाँव में रहने वाले लोगों को किस किस बीमारियों से गुजरना पड़ रहा है !मगर ग्राम प्रधान अपने किये हुए वादों से फेल होते नजर आ रहे हैं।

## दुकान व ट्यूबवेलों में चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से टिकेत किसान यूनियन के कार्यकर्ता नाराज



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़ ।** एसपी अभिषेक वर्मा अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पूरी जी तोड़ मेहनत कर रहें हैं,लेकिन बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना से स्थानीय पुलिस की क्रिया कलाप की पोल खुल रही है, किसान यूनियन टिकैत के मेरठ युवा मंडल अध्यक्ष जीते चौहान का कहना है कि व्यापारियों को व्यापार करना मुश्किल हो गया है,कुछ दिनों में डैहरा कुटी पर लगभग आधा दर्जन चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी है,चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में काफी रोष व्याप्त है स्थानीय दुकानदार व ग्रामीणों ने कहा कि बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में दिन प्रतिदिन चोरी की घटनाओं पर विराम लगने की वजह और इजाफा हो रहा है,जो बहादुरगढ़ पुलिस की शिथिलता को दशार्ती है,जैसे डैहरा कुटी पर थाने से मात्र सौ मीटर की दूरी पर मोबाइल की दुकान में पीछे से कूमल कर लगभग 24 मोबाइल फोन और इनवर्टर बैट्री आदि सामान चोरी हुआ था,उसके बाद तीन-चार दिन पहले मीट की चार दुकानों में पीछे से कूमल कर हजारों की नगदी इनवर्टर बैट्री आदि सामान चोरी कर चोर रफू चक्कर हो गए, दुकानदारों ने थाने में लिखित में शिकायत पत्र देकर खुलासे की मांग की थी लेकिन अब तक बहादुरगढ़ थाना पुलिस कूछ चोरियों की रिपोर्ट तक भी दर्ज नहीं कर पाई है ,अगर एक हफ्ते में चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा। वहीं मंडल अध्यक्ष जीते चौहान का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं के साथ-साथ अवैध खनन पेड़ कटान जैसे अवैध काम भी जोरो से चल रहे हैं जिसको लेकर थाना प्रभारी कोई ठोस कदम उठाने के लिए तैयार नहीं है मंडल अध्यक्ष ने हापुड़ एसपी से बहादुरगढ़ थाना प्रभारी को हटाने की भी मांग की है। अगर 7 दिनों के अंदर खुलासे नहीं किए गए तो हम सैकड़ो ट्रैक्टरों के साथ रोड पर यात्रा करते हुए हापुड़ एसपी कार्यालय पहुंचेंगे।

## स्वच्छता जागरुकता को निकाली रैली



**संस्कार उजाला**

**चिलकाना।** चिलकाना नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में डीटीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी सहभागिता निभाई। शुक्रवार की सुबह को नगर पंचायत द्वारा चलाये गए अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न मौहल्लो में साफ सफाई करवाई गई। रैली के माध्यम से स्कूली बच्चों ने नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। रैली का शुभारंभ करते हुए चेयरपर्सन फूल बानो अंसारी ने कहा कि स्वच्छता पखावाड़ा के अंतर्गत नगर में अलग अलग जगहो पर सफाई अभियान चलाकर नगरवासियों को स्वच्छता केप्रति जागरूक किया जायेगा । इस दौरान ईओ एजाज अहमद, हाजी इसरार, भाजपा नेता जायर हुसैन, पंचायतकर्मी नफीस, राजिक, प्रताप सैनी एवं प्रधानाचार्य मुन्तजीर अहमद, सोनू अंसारी आदि मौजूद रहे।

## उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न



संवाददाता

हापुड़ । धौलाना विधानसभा उद्योग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक मून बेवरेज में हुई । जिसमें UPSIDA के प्रमुख अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश मीना IAS ( ACO ) UPSIDA, श्री संदीप चंद्रा ( AGM ) , श्री कपिल सिधवानी ( DGM - E ) , श्री आर एस यादव (DGM - C ), श्री प्रदीप सत्यार्थी RM, श्री सतीश चौधरी ( MANAGER - C ), श्री ब्रह्म सिंह (MANAGER - C ), श्री सोनू पांडेय ( MANAGER - C ), श्री योगेंद्र सिंह ( MANAGER - E ), श्री धीरज ( AM - E ) एवं श्री राकेश सिंह उपस्थित रहे । सभी उद्योग बंधुओ ने अधिकारियों के समक्ष अपनी सारी समस्याएं रखी और अधिकारियों ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुना और अंत में अधिकारियों ने औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले कार्यों की जानकारी दी जैसे पहले चरण में 272.43 लाख में 3500 मीटर सड़क का निर्माण कराया गया दूसरे चरण में 3 बांड रहे 269.54 लाख में 2570 मीटर 192.55 लाख में 1640 मीटर और 257.45 लाख में 2190 मीटर सड़को का काम चल रहा है तीसरे चरण में 396.91 लाख में 2500 मीटर सड़क का बजट पास हो चुका है ।एक छोटा काम फ 70 से फ 75 तक 28.55 लाख में 145 मीटर सड़क भी पास हो गई है मून बेवरेज के पास 240.45 लाख में 2500 मीटर की सड़क भी पास हो रही है ।कुल मिलाकर पूरे औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 14 किलोमीटर की सड़कों के बजट पास हो चुके हैं और लगभग 4 से 5 महीना में यह सारा काम पूरा हो जाएगा ।

इसके बाद औद्योगिक क्षेत्र की मुख्य समस्या उदय राम नगला के ड्रेनेज के बारे में भी चर्चा हुई इसके विषय में अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा की बजट का पूरा काम हो चुका है कार्यवाही चालू है जल्द ही इस पर भी कम शुरू हो जाएगा । औद्योगिक क्षेत्र की सबसे प्रमुख समस्या फायर स्टेशन को लेकर भी चर्चा की गई इसके विषय में अधिकारियों ने बताया की फायर स्टेशन के विषय में फायर के विभाग में उच्च अधिकारियों के साथ वार्ता करके इस समस्या को अभी निदान कर लिया गया है और इस पर भी कम बहुत जल्द शुरू हो जाएगा । अधिकारियों ने यह भी बताया इन सब कामों के पूरा हो जाने के बाद एमजी रोड औद्योगिक क्षेत्र में विकास की लहर दिखाई देने लगेगी और बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए भी अधिकारियों ने पूरा आश्वासन दिया और कहा कि उनको भी पूरा करने के लिए अभी से कार्यवाही करनी शुरू कर दी है आज की इस बैठक में उद्योग बंधु से वेलफेयर एसोसिएशन से संगठन के अध्यक्ष सुशील गुप्ता उपाध्यक्ष श्री संदीप बंसल कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा एवं मिथिलेश मिश्रा और मीडिया प्रमुख पंडित अजेय भारद्वाज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे बैठक में संगठन के अध्यक्ष श्री जेपी कौशिक ने बैठक का संचालन किया ।

## नंगला कबूलपुर मैं किया गया जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की मीटिंग का आयोजन



**संस्कार उजाला**

**मेरठ।** जनपद मेरठ के ग्राम नंगला कबूलपुर में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के द्वारा ग्रामीण लोग राजेंद्र सिंह सोनू सिंह व अन्य ग्रामीण लोगों ने शामिल हो कर 29 अक्टूबर को दिल्ली कूच करने के लिए 1 बस और 1000 हस्ताक्षर कराने का संकल्प लिया गया वहीं इस मोके पर मौजूद जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष ब्रह्मसिंह जी जिला महामंत्री लवकुश शास्त्री जी, व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र गुर्जर जी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पी सी सी सदस्य ने नेता प्रतिपक्ष से की मुलाकात




**संस्कार उजाला, महेश शर्मा**

**आगरा।** कांग्रेस मध्य प्रदेश में इस बार हर हाल में मजबूती से काबिज होना चाहती है इसके लिए टीम तैयार की जा रही है यूपी कांग्रेस के पीसीसी सदस्य शानू खान ने मध्यप्रदेश के मुरैना में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा मे दिमनी विधान सभा क्षेत्र में सामिल हुए जहां उन्होंने ने नेता प्रति पक्ष गोविन्द सिंह के नेतृत्व में की गई थी आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए गोविन्द सिंह ने कहा की भारतीय जनता पार्टी को देश की झूठ बोलने वाली पार्टी बताया उन्होंने कहा कि देश में राहुल गांधी लगातार जमीन से चलकर किसान मजदूर नौजवान के साथ बैठकर समस्याएं सुन रहे है मध्य प्रदेश कमल नाथ सरकार बनेगी जनता का प्यार मिल रहा है उत्तर प्रदेश पी सी सी सदस्य शानू खान से नेता प्रति पक्ष गोविन्द सिंह ने बात की ! आयोजन कार्यक्रम का संचालन शानू खान ने किया !

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी



**संस्कार उजाला**

**बुलंदशहर।** पुलिस अधिक्षक द्वारा शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया तथा परेड में सम्मिलित थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी डायल-112 की गाड़ियों का भी निरीक्षण किया गया तथा पीआरवी गाड़ी पर मेडिकल किट, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु येलो टेप, रेस्पांस टाइम को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्धारित अवधि पर किया जाने वाला पुलिस लाइन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं कार्यालय, आरटीसी बैरिक, भोजनालय, परिवहन शाखा, कैंटीन, सबसिडियरी कैंटीन, शौचालय बाथरूम, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, स्टोर, गणना व जीडी कार्यालय, डायल-112, बारबर शॉप, कैश कार्यालय, गेस्ट हाउस, अस्पताल, बैरिक, गैस एजेंसी, पुलिस चिकित्सालय एवं आवासीय परिसर में चल रहे निर्माण मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया तथा सभी शाखा कार्यलय से सम्बन्धित दिशा निर्देश दिये गये साथ ही प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन परिसर में हमेशा स्वच्छता रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने व अभिलेखों को अध्यावधिक कर संभालकर रखने सहित सरकारी वाहनों की समय-समय पर चैकिंग करने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री बजरंग बली चौरसिया, सहायक पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, एवं प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियानः एक जोड़े के मध्य समझौता कराकर हुई विदाई



**संस्कार उजाला**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में चलाए गए ह्वमिशन शक्तिह्व अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को महिला थाना द्वारा सराहनीय पहल एक जोड़े के मध्य सुलह समझौता कराकर विदाई कराई गई। आवेदिका प्रतिमा देवी पत्नी पप्पू साकिन बावली चौक थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर का उनके पति पप्पू से विवाद चल रहा था दोनों में छोटी-मोटी कहासुनी हो गई थी। अब पति पत्नी एक साथ रहने के लिए तैयार हैं। काउंसलिंग में महिला थाना प्रभारी रेखा देवी, म0का0 संजू वर्मा व म0का0 लक्ष्मी पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

## खेमेश्वर महादेव मंदिर बना वृन्दावन



**संस्कार उजाला**

**आगरा।** गणेश पंडाल खेमेश्वर नाथ महादेव मंदिर तोता का ताल आगरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पं गरिमा किशोरी ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताती है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। ब्रज के रसिक संगीतकार बलवीर सिंह बल्लो ने सुंदर सुंदर भजन सुनाकर सभी भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्तो ने बड़े ही सुंदर ढंग से पंडाल को सजाया खेमेश्वर नाथ महादेव मंदिर मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि साक्षात वृन्दावन धाम बन गया। इस अवसर पर पं विध्यासागर तिवारी विधिवत पूजा अर्चना कराई कथा के तृतीय दिवस में परीछित बने सोनू मंजू माहौर, अमरलाल खोरेजा, बिजेंद्र सिंह (बाबा) अजय माहौर,मोहित अग्रवाल,शंकरलाल,वंदना कुशवाह, बीना चौहान,सुनीता महौर,नेहा , पूजा, रिंका, कोमल,देवेंद्र ,विवेकआदि लोग उपस्थित रहे।

## सरकारों ने किसानों को ठगा, एकजुट होने की जरूरत : अजब सिंह कसाना



संस्कार उजाला

दनकौर । क्षेत्र के गांव पतला खेड़ा में भारतीय किसान यूनियन भानू के तत्वाधान में शुक्रवार को राहुल भाटी के आवास पर आयोजित किसानों की बैठक को संबोधित करते हुए, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजब सिंह कसाना ने कहा है कि बीते समय में सरकार चाहे जो रही हो किंतु उन्होंने केवल किसानों को ठगने का ही काम किया है, जबकि कृषि प्रधान देश में किसान समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होना चाहिए था। कसाना ने चिंता व्यक्त करते हुए करते हुए कहा कि मांग पूरी कराने हेतु आंदोलन रत कितने ही किसान शहीद हो गए किंतु सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती, वादा के बावजूद सरकार कृषि उपज का एमएसपी तक निर्धारण नहीं कर सकी है। प्रदेश प्रवक्ता मास्टर महकार नागर ने कहा कि सरकार किसानों को आपस में बांटकर अपना स्वार्थ साधना चाहती मगर अब ऐसा नहीं होगाअब किसान जाग चुका है, और आगामी चुनाव में इसका परिणाम भी देखने को मिलेगा।बैठक में किसान समस्याओं के लिए संघर्षरत रहने वाले बहादुर किसानों का माला एवं शाफा बांधकर जोरदार अभिनंदन किया गया। तथा संगठन का विस्तार भी किया गया।भारतीय किसान यूनियन भानू के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार नागर ने उपस्थित सभी कार्यकताओं से निष्ठा एवं समर्पण भाव से एकजुट हो किसने की समस्याओं हेतु संघर्ष करने पर जोर दिया। प्रेमी भाटी की अध्यक्षता व प्रदेश प्रवक्ता मा0 महकार नागर द्वारा संचालित बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए गौरव भाटी पतला खेड़ा को जिला उपाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर, दिनेश प्रजापत को बिलासपुर नगर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजबसिंह कसाना, प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत अधाना, प्रदेश प्रवक्ता मास्टर महकार नागर, प्रदेश सचिव राजीव नागर,पप्पल नेता, विपिन, फैजुल भाटी, टीकम सिंह,सदाकत, सतीश कसाना, नवीन एडवोकेट,अजय फोजी,कुक्की चेयरमैन,नीरज भाटी युवा जिलाध्यक्ष, करतार भाटी ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष,कोकिन्द्र डाबरा, सुखवीर कनारसी,नेहपाल दरोगा,डा.हसन अली आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली में 9 साल की बच्ची को कुत्ते ने काटा,अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में एक नौ साल की बच्ची पर एक कुत्ते ने हमला कर दिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि कुत्ते ने उसके दोनों पैरों पर काट लिया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि सुबह लगभग 8 बजे, न्यू उस्मानपुर पुलिस स्टेशन में एक कुत्ते द्वारा घायल एक नाबालिग लड़की के बारे में पुलिस को एक कॉल प्राप्त हुई। पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा, ÷शिकायतकर्ता, शीला देवी (56), न्यू उस्मानपुर की निवासी, अपनी पोती को एमसीडी फ्लैट्स, उस्मानपुर के पास स्कूल ले जा रही थी, तभी उसे कुत्ते ने काट लिया। डीसीपी ने कहा, जब एमसीडी अधिकारी पास में स्ट्रीट डॉग के लिए नसबंदी अभियान चला रहे थे, तभी उनमें से एक कुत्ता अचानक आया और नाबालिग लड़की के दोनों पैरों पर काट लिया। उन्होंने कहा, लड़की चौथी कक्षा की छात्रा है और फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## गाजियाबाद में युवक को चार लोगों ने डंडों से पीटा, सीसीटीवी में घटना हुई कैद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर इलाके के एक कॉलोनी में खड़े एक युवक को 4 युवकों ने बुरी तरफ पीटा। मारपीट की ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक से शिकायत ले कर मामला दर्ज किया है और आरोपियों को पकड़ने की कवायद की जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर के इलाके में उत्तरांचल कॉलोनी में बीती रात एक युवक घर के पास खड़ा था। तभी अचानक दो बाइक पर चार युवक पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। युवकों के हाथ में डंडे थे और उन्होंने उसे युवक को मारना पीटना शुरू कर दिया। यह पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ये घटना थाना लोनी बॉर्डर के अंतर्गत उत्तरांचल कॉलोनी की है। 21 सितंबर की रात में डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उत्तरांचल कॉलोनी थाना लोनी बॉर्डर में एक युवक के साथ उसी कॉलोनी के रहने वाले कुछ युवकों द्वारा आपसी विवाद के कारण मारपीट की गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच पीड़ित से शिकायत प्राप्त की जिसके आधार पर मामला दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है।



## नोएडा में 15 हजार करोड़ के जीएसटी घोटाले में 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**नोएडा।** 15 हजार करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 23 लोगों की गिरफ्तारी पुलिस कर चुकी है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरिश चंदर ने बताया कि नोएडा पुलिस ने करीब तीन महापूर्व जीएसटी फर्जीवाड़ा का पर्दाफाश किया था। जांच में करीब 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का फर्जीवाड़ा सामने आया है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में आशीष अलावादी, बलदेव उर्फ बल्ली, विकास डबास, प्रवीण, अंचित गोयल, प्रदीप गोयल, अर्जित गोयल, रोहित नागपाल आदि की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी आशीष को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जालसाजों ने देश के अलग-अलग हिस्से में 2660 फर्जी कंपनी बनाकर इन कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर करीब 15,000 करोड़ रुपए का घोटाला किया था। उन्होंने बताया कि अब तक इस मामले में 23 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। उन पर इनाम की राशि बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के घरों की कुर्की की प्रक्रिया चल रही है।

# शादी के बाद बिना इजाजत संबंध बनाना अपराध है या नहीं, अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** देश में लगातार वैवाहिक दुष्कर्म के मामले बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे कई मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। इसी बीच, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह वैवाहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर याचिकाओं को अक्टूबर के मध्य में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। याचिका में कानूनी सवाल उठाया गया है कि क्या पति अपनी पत्नी के मर्जी के बिना यदि संबंध बनाता है, तो उसे दुष्कर्म के श्रेणी में रखा जाना चाहिए या नहीं।

संविधान पीठ की सुनवाई पूरी होने के बाद होगा सूचीबद्ध

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील करुणा नंदी की दलीलों पर ध्यान दिया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जरूरत है। पीठ ने कहा, ÷हम संविधान पीठ की सुनवाई के बीच में हैं। संविधान पीठ के मामले समाप्त होने के बाद हम इसे सूचीबद्ध कर सकते हैं।÷ साथ ही पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अन्य वकीलों से पूछा कि उन्हें अपनी दलीलें आगे बढ़ाने में कितना समय लगेगा।

अक्टूबर मध्य में होगी सुनवाई

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ÷मुझे दो दिन लगेंगे, क्योंकि मुद्दे के सामाजिक प्रभाव हैं। याचिकाकर्ताओं के एक वकील ने कहा कि वे तीन दिनों तक बहस करना चाहेंगे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुटकी लेते हुए कहा, तो फिर इसे अगले साल अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है।÷

हालांकि, बाद में पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि याचिकाएं अक्टूबर के मध्य में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख

इससे पहले, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया था। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 (दुष्कर्म) के एक अपवाद खंड की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, क्योंकि इसमें कहा गया है कि यदि पति और पत्नी व्यस्क हैं, तो यह पति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा चलाने से छूट देता है यानी उस स्थिति को अपराध की श्रेणी में रखा जाता है।



केंद्र से मांगा था जवाब

पीठ ने कहा, 'हमें वैवाहिक दुष्कर्म से संबंधित मामलों को सुलझाना होगा।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि इन मामलों की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा की जाएगी और पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा कुछ सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई समाप्त करने के बाद इन्हें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी को वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने और उस पर आईपीसी प्रावधान से संबंधित याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था।

शीर्ष अदालत की ओर से फैसले की आवश्यकता

मेहता द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए केंद्र ने कहा था कि इस मुद्दे के कानूनी और सामाजिक निहितार्थ हैं और सरकार याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करना चाहेगी। इस मुद्दे पर 11 मई, 2022 के दिल्ली उच्च न्यायालय के खंडित फैसले के संबंध में एक याचिका दायर की गई है। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और सी हरि शंकर ने याचिकाकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति देने के प्रमाण पत्र देने पर सहमति व्यक्त की थी, क्योंकि इस मामले में कई महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल थे, जिसके लिए शीर्ष अदालत की ओर से सुनाए गए फैसले काफी जरूरी हैं।

कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती

एक याचिका एक व्यक्ति ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर की गई है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता की पत्नी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के लिए उसके खिलाफ मुकदमा चलाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पिछले साल 23 मार्च को कहा था कि पति को अपनी पत्नी के साथ दुष्कर्म और अप्राकृतिक यौन संबंध के आरोपों से छूट देना संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) के खिलाफ है।

## मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि में वैज्ञानिक सर्वे की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज, कहा- मामला हाईकोर्ट में लंबित

**नई दिल्ली।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर के वैज्ञानिक सर्वे से जुड़ी एक याचिका को सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मना कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है। न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था कि पहले इसकी स्वीकार्यता पर फैसला होगा। तभी सर्वे की मांग पर विचार होगा।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया है। हाईकोर्ट को यह निर्धारित करने का अधिकार मिला हुआ है कि वे विचारणीयता से संबंधित मुकदमे की सुनवाई पहले करेंगे या किसी अन्य मामले की। अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 136 के तहत हमें यह हमारे अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने का मामला नहीं लगता है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की तरह ही क्षेत्र विस्तृत वैज्ञानिक सर्वे की मांग करते हुए, सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ट्रस्ट ने कहा कि सर्वे में साइट के महत्व की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए आधुनिक पुरातात्विक तरीकों, भू-स्थानिक विश्लेषण और एतिहासिक रिकार्ड का इस्तेमाल किया जाएगा।ट्रस्ट ने अपने अध्यक्ष सिद्धपीठ माता शाकुंभरी पीठाधीश्वर भगुवंशी आशुतोष पांडे का प्रतिनिधित्व करते हुए हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की है।



## सुप्रीम कोर्ट का आदेश, दिल्ली-एनसीआर में सभी पटाखों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर शुक्रवार को राजधानी में कम प्रदूषण वाले पटाखों (ग्रीन पटाखे) सहित सभी पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया।

न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में 'फायरक्रैकर एसोसिएशन द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में पटाखों के निर्माण और उपयोग की अनुमति नहीं दे सकती।

शीर्ष अदालत ने राजधानी में पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की विफलता पर भी सवाल उठाया था।

एसोसिएशन ने अपनी याचिका में ग्रीन पटाखों में बेहतर बदलाव के साथ बेरियम नामक रसायन को शामिल कर पटाखे की अनुमति देने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन राज्यों में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है, वहां लोग निर्धारित नियमों के अनुसार अपेक्षाकृत ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अदालत का यह आदेश दीपावली के दौरान प्रदूषण के स्तर और अस्थमा एवं अन्य मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बेहद खास है। शीर्ष अदालत ने दोहराया कि पटाखों में बेरियम-आधारित रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले उसके पहले के आदेश दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगे। न्यायालय ने दीपावली त्योहार से पहले राजधानी में पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के दिल्ली सरकार के फैसले में भी किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपेक्षाकृत ग्रीन पटाखे फोड़े जाने का समर्थन किया।



## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो व मोटो जीपी रेस की सुरक्षा में 8 हजार 500 पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती

**नोएडा।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 और मोटोजीपी बाइक रेस की व्यवस्था को 7 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी संभालेंगे। इसके अलावा 12 कंपनी पीएसी और कमांडों की तैनात होंगी। कुल मिलाकर पूरी व्यवस्था करीब 8,500 जवानों के हाथ में होगी। इनमें आईपीएस स्तर के अधिकारी से लेकर कांस्टेबल तक तैनात किये गए हैं। अन्य जनपदों से भी अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया गया है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और इंडियन मोटोजीपी दोनों इंटरनेशनल कार्यक्रम है। इन कार्यक्रमों में करीब 10 लाख लोग आएंगे। लाखों की संख्या में विदेशी मेहमान भी ग्रेटर नोएडा आएंगे। उनकी सुरक्षा को लेकर नोएडा पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। ग्रेटर नोएडा के मार्ग पर कहीं पर भी जाम की स्थिति पैदा ना हो, इसको लेकर 1400 ट्रैफिक पुलिस के जवान व्यवस्था संभालेंगे। बेस्ट ट्रैफिक रूट के लिए जिले की तीनों जोन में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसको लेकर रूट मैप जारी हो गया है। पिछले दिनों पुलिस ने गूगल मैप और मैप माय इंडिया के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। जिसमें इस बात पर मुहर लगी कि बेस्ट रूट लोगों को मैप के जरिए दिखाया जाएगा। जिससे किसी को दिक्कतें ना हो। इसके अलावा डायवर्जन भी मैप पर दिखाया जाएगा। जिले में बिना कार्यक्रम के अधिकतर सड़कों पर वाहनों का दबाव ज्यादा होता है। शनिवार और रविवार को तो सड़कें जाम से पैक होती है। ऐसे में 21 सितंबर से लेकर 25 सितंबर तक ट्रैफिक व्यवस्था को संभालना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। बड़ी बात यह भी है कि इनमें से दो दिन शनिवार और रविवार है। आगामी 23 सितंबर का शनिवार और 24 सितंबर का रविवार है। इन दोनों दिन वैसे ही सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक होता है। अब ऊपर से दो इंटरनेशनल कार्यक्रम होना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।



## गाजियाबाद के एक प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील के दौरान दूध पीने से 26 बच्चे बीमार पड़े

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के प्रेम नगर कॉलोनी के एक प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील के दौरान दूध पीने से 26 बच्चे बीमार पड़ गए। अधिकारियों के अनुसार, दूध से बच्चों को मतली और उल्टी होने लगी। इसके बाद बच्चों को लोनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही बीमार बच्चों के परिजनों ने स्कूल में हंगामा किया और अधिकारियों से भिड़ गए। घटना की प्रतिक्रिया में सरकारी अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पुलिस के जवान भी थे। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।



## वृहद भारत संघ बनाने के लिए मगध फाउंडेशन सरकार को देगा प्रस्ताव




**नई दिल्ली।** मगध फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को यहां कहा कि प्राचीन काल से भारत की संस्कृति और राजनीति के साझेदार रहे, पड़ोसी क्षेत्रों के साथ एक वृहद भारत संघ बनाकर सहयोग बढ़ाने के लिए फाउंडेशन सरकार को प्रस्ताव देगा। इसमें एकीकृत सैन्यबल गठित करने का भी विचार है। राजधानी में मगध फ़ाउंडेशन की तीसरी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के समापन पर श्री त्रिपाठी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए प्रत्येक देश की स्वतंत्रता को छीने बिना, हमें इन सभी देशों को एक साथ लाकर एक साझा सांस्कृतिक संगठन और एक साझा विदेश नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की मगध फाउंडेशन 250 ई0 पूर्व मगध साम्राज्य का हिस्सा रहे, पड़ोसी देशों के साथ मिलकर एक ग्रेटर इंडिया फेडरेशन (वृहद् भारत संघ) बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार को सौंपेगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि भविष्य में ग्रेटर इंडिया फेडरेशन के लिए एक एकीकृत सैन्य बल बनाने की भी योजना बनाई जाए। ग्रेटर इंडिया फेडरेशन की योजना सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने पर ध्यान देना है ताकि महासंघ के मित्र देशों जैसे कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बंगलादेश, म्यांमार (बर्मा) और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की मदद की जा सके। ये देश भारत के साथ सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंध साझा करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि सीमा सुरक्षा और कल्याण के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ग्रेटर इंडिया फेडरेशन के निर्माण की तरफ ध्यान दें। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की बैठक में ग्रेटर इंडिया फेडरेशन निर्माण के लिए और भारत के प्रजातंत्र को मजबूत करने के लिए संवैधानिक संशोधन करने जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। फाउंडेशन अपने सुझावों को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को एक प्रतिवेदन सौंपेगा।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आकर्षण बना 'हर घर जल' गांव

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'हर घर जल गांव' यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में काफी चर्चित रही। राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने मिशन के स्टाल में मॉडल को निहारा।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट परिसर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी सबसे पहले जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के स्टाल पर पहुंचे।

स्टाल पर दिखाई दे रही नल की टोंटी और उसमें से हो रही स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को देख वो वहीं पर रुक गए। उन्होंने वहां पर प्रदर्शित हर घर जल गांव का व्यापक निरीक्षण किया। सीएम ने हर घर जल गांव मॉडल में प्रदर्शित हर घर नल, गौशाला, प्राथमिक विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र में हर घर जल योजना से बदलते यूपी को देखा। इस अवसर पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और जल निगम (ग्रामीण) डॉ. बलकार सिंह भी मौजूद रहे। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करने पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इसे देखा और सराहा।



## शहरों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा मजबूत करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों का सहयोग जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी ढांचा मजबूत करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के सहयोग पर बल देते हुए कहा है कि इससे आम जनता को अधिक टिकाऊ, सुदृढ़ और सुरक्षित परिवेश मिलेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने शुक्रवार को यहां स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त योजना विकसित करना' विषय पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने में यूएलबी की भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में काफी सुधार होगा और साथ ही यह निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक किफायती और सुलभ बनाया जा सकेगा। सम्मेलन में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी भी उपस्थित थे।

## गाजियाबाद में पार्किंग में लगी भीषण आग, एक महिला की मौत, 16 वाहन जले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी के थाना अंकुर विहार क्षेत्र की डीएलएफ कालोनी में गुरुवार की रात करीब एक बजे एक बिल्डिंग के पार्किंग में भीषण आग लग गई। बिजली के मीटर शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने वहां खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई और 16 वाहन खाक हो गए।

पार्किंग में आग लगने के चलते ऊपर बने फ्लैटों में रहने वाले लोग आग में घिर गए।आग की सूचना लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने फ्लैटों में फंसे लोगों को सीढ़ी के माध्यम से रेस्क्यू किया।

फायर विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब एक बजे लोनी फायर स्टेशन पर डीएलएफ अंकुर विहार में एमएम रोड पर प्लॉट नंबर एमएम 53 पर बनी अपार्टमेंट बिल्डिंग में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल दो फायर टेंडर सर्विस यूनिट लोनी फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

मौके पर पहुंचकर फायर सर्विस यूनिटों ने देखा कि चार मंजिला भवन के भूतल पर बनी पार्किंग में खड़े वाहनों में आग लगी हुई है और साथ ही इसके पीछे वाले प्लॉट पर बने चार मंजिला भवन के भूतल पर बनी पार्किंग में खड़े वाहनों में भी आग लग चुकी है। इन दोनों भवनों की पार्किंग ग्राउंड फ्लोर पर एक जालीदार बड़े गेट के माध्यम से एक दूसरे से जुड़ी हुई थीं।



घटनास्थल पर पहुंचे दोनों फायर टेंडर ने पार्किंग के दोनों तरफ से आग को बुझाने का काम शुरू किया। बिल्डिंग के ऊपर के तीन तलों पर मिलाकर कुल 16 फ्लैट बने हैं। द्वितीय तल पर सीढ़ी लगाकर 5 महिलाओं और 3 पुरुषों को पुलिस और स्थानीय व्यक्तियों की सहायता से रेस्क्यू किया गया। इस घटना में फंसे एक दंपति अपने फ्लैट में बेहोशी की हालत में मिले। जिन्हें फायर विभाग के कर्मचारियों ने कंधे पर उठा कर रेस्क्यू किया और बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें महिला पूनम शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई।

इस घटना में बगल वाले प्लॉट पर बने चार मंजिला भवन के टैरेस पर फंसे महिलाओं, बच्चों व अन्य को पास के भवन की छत के रास्ते से सुरक्षित नीचे लाया गया। चार मंजिला भवन में कुल 19 फ्लैट बने हैं, जिसके भूतल पर बनी पार्किंग में खड़े वाहन आग में जलकर क्षतिग्रस्त हो गए।

# जेवर में दो लोगों को बदमाशों ने बनाया बंधकः मारपीट कर की लूटपाट

**संवाददाता**

**दनकौर।** कोतवाली क्षेत्र में मोटोजीपी बाइक रेस 22 से 24 सितंबर तक होने जा रही है। जिसको लेकर कई दिन से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होने का अधिकारियों द्वारा दावा किया जा रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी क्षेत्र में बीती रात अलग-अलग दो जगह पर जिला अस्पताल के कर्मचारी और एक कंपनी के कर्मी को बंधक बनाकर 4 बदमाशों ने पहले तो जमकर पीटा। फिर लूटपाट के बाद दोनों को घायल अवस्था में फेंककर आरोपी फरार हो गए। जिसमें अस्पताल कर्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।पहली घटनाः ककोड़ कोतवाली के अलौदा गांव निवासी सचिन कुमार नोएडा में स्थित जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स हैं। उन्होंने बताया कि रोजाना की तरह वह गुरुवार की देर रात ड्यूटी खत्म करने के बाद कार में अकेले ही सवार होकर दनकौर क्षेत्र से होते हुए अपने गांव को लौट रहे थे। उसी दौरान बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट से कुछ दूरी पर पीछे से एक कार में सवार होकर आए चार बदमाशों ने उनको ओवरटेक करके रुकवा लिया। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित पर हॉकी से जानलेवा हमला कर दिया।इस घटना में पीड़ित की कार का आगे का शीशा टूट गया बाद में आरोपियों ने पीड़ित को तमंचे के बल पर बाहर निकाल कर



उसकी ही कार में बंधक बना लिया। उसके बाद आरोपियों ने जमकर मारपीट की। बाद में वहां से होकर गुजर रहे कई वाहनों को देखते हुए आरोपी पीड़ित को कार के अंदर ही बंधक अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए। आरोपी उसकी कार को लूटना चाह रहे थे। बाद में अन्य लोगों की मदद से पीड़ित दनकौर कोतवाली पहुंचे। जिन्होंने इस संबंध में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार की रात ही उन्होंने पुलिस से लिखित शिकायत की है।दूसरी घटनाः अलीगढ़ के बांजना निवासी हरीश रावत ग्रेनो के घरबरा गांव के नजदीक स्थित एक कंपनी में कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि छुट्टी होने के बाद गुरुवार रात वह यमुना एक्सप्रेसवे पर लिफ्ट लेने के लिए खड़े थे। उसी दौरान एक कार में सवार होकर आए चार लोगों ने उनको अलीगढ़ तक जाने के लिए कार में लिफ्ट दे दी।

पीड़ित का कहना है कि दनकौर क्षेत्र में पहुंचकर आरोपियों ने नीचे उतार दिया। उसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की। साथ ही उसको बंधक बनाकर कार में डाल दिया।बाद में आरोपियों ने पीड़ित के फोन से करीब 20 हजार रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया। बाद में रकम को भी आरोपियों ने क्षेत्र में कनारसी गांव में स्थित एक जन सुविधा केंद्र से निकाल लिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी पीड़ित को दनकौर सिकंदराबाद रोड पर समसपुर गांव के नजदीक देर रात को फेंक कर फरार हो गए। घायल अवस्था में ग्रामीणों ने पीड़ित को कोतवाली पहुंचाया। इस बारे में प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि दोनों ही मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त डायरी

## नोएडा में रोडरेज, कार सवारों ने बाइक सवार को पीटा



**संवाददाता**

**नोएडा,।** नोएडा के एलिवेटेड रोड पर तेज रफ्तार में गलत तरीके से ओवरटेक करने वाले कार सवार युवकों को टोकना बाइक सवार को खासा महंगा पड़ा। कार सवार युवकों ने बाइक सवार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित युवक ने नोएडा के थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा की पंचशील कॉलोनी चिपियाना निवासी लक्ष्य चौहान ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह अपनी अपाचे बाइक से एलिवेटेड रोड से अपने घर जा रहा था। एनटीपीसी के सामने पीछे से तेज गति में आ रही क्रेटा कार ने उसे गलत तरीके से ओवरटेक किया। जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बचा। लक्ष्य चौहान के मुताबिक उसने जब कार चालक को सही तरीके से कार चलने को कहा तो उन्होंने उसे रुकवा लिया इसके बाद कार से उतरे तीन युवकों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान युवकों ने उसके मोबाइल फोन व हेलमेट को सड़क पर पटककर तोड़ दिया। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा होते देखकर कार सवार फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## कोर्ट में पेश न होने पर एफआईआर



**संवाददाता**

**नोएडा, ।** हत्या तथा आपराधिक षडयंत्र रचने के आरोप में वांछित चल रहे दो आरोपियों के कोर्ट में उपस्थित न होने पर नोएडा के थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में दिलीप कुमार गौतम ने अज्ञात के खिलाफ हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की विवेचना के दौरान विभूति नाथ गुंजन उर्फ आशुतोष तथा डोली पुत्री संतोष का नाम प्रकाश में आया था। इस मामले में पुलिस वर्ष 2018 में विभूति नाथ को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और उसके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका है। इस मामले में गुंजन उर्फ आशुतोष तथा डोली लगातार फरार चल रहे हैं। गत 5 अप्रैल को दोनों के खिलाफ कोर्ट द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। न्यायालय में पेश न होने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा 10 जुलाई को कर उनके निवास पर नोटिस चस्पा किया गया था। थाना प्रभारी के मुताबिक दोनों आरोपी लगातार फरार चल रहे हैं और गिरफ्तारी से बच रहे हैं। आरोपियों द्वारा कोर्ट में भी आत्मसमर्पण नहीं किया गया है। दोनों आरोपी अपनी चल अचल संपत्ति को खुर्द करने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी धारा 82 सीआरपीसी में उद्घोषणा के आदेश की अवहेलना करने पर आरोपियों के खिलाफ धारा 174 ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सुहागरात को पति ने दुल्हन के समक्ष रख दी अजीब पेशकश, विरोध करने पर घर से निकाला

**नोएडा, ।** उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर से पति पत्नी के बीच की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। नोएडा से दिल्ली ब्याही एक विवाहिता के समक्ष उसके पति ने पहली ही रात को पति पत्नी के अंतरंग क्षणों को वीडियो में कैद करने की पेशकश रख दी। विवाहिता ने जब इस बात का विरोध किया तो उसके साथ बदतमीजी की गई। इसके बाद विवाहिता को मारपीट कर मायके में छोड़ दिया गया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी तान्या ने महिला थाना सेक्टर-39 में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 14 जनवरी को उत्तम नगर दिल्ली निवासी विवेक चौहान के साथ हुई थी। शादी के समय परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन इससे ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। तान्या का आरोप है कि शादी की पहली रात को उसके पति ने पर्सनल वीडियो बनाने पर जोर दिया, जिसका विरोध करने पर उसके साथ बदतमीजी की गई। विवेक चौहान उसकी तमाम तरह की पर्सनल बातों को रिकॉर्ड करने लगा। उसने जब इस बात की शिकायत अपने ससुर व सास से की तो उन्होंने भी विवेक का ही पक्ष लिया। तान्या का आरोप है कि उसके ससुर भी उसके साथ गंदी हरकतें करते हैं। ससुराल द्वारा दहेज में 5 लाख रुपये कैश, कार, लैपटॉप, सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर उसका पति विवेक गत 2 मार्च को उसे मायके में छोडकर चला गया। पीड़िता ने अपने पति विवेक चौहान, सास सुनीता देवी, ससुर बालम सिंह व ननद शीतल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला



**ग्रेटर नोएडा, ।** ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी में तुलसी विहार कॉलोनी रेलवे रोड निवासी एक महिला ने अपने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडऩ का मामला दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2015 में सर्वेश शर्मा के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले उसे 10 लाख रुपये, स्कॉर्पियो कार मायके से लाने की मांग करने लगे। शादी के बाद उसे दो पुत्रियां हुई, जिसके बाद ससुराल वालों ने उसका और अधिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। वर्ष 2022 में उसे ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। 5 सितंबर को वह अपने बच्चों से मिलने गाजियाबाद स्थित अपनी ससुराल पहुंची तो उसकी सास सोनम, ससुर गजेंद्र, देवर अजय शर्मा तथा पति सर्वेश शर्मा ने उसके साथ मारपीट की। उसने इसकी सूचना गाजियाबाद पुलिस को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता की शिकायत पर थाना दादरी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## सोशल साइट पर मकान तलाशने पर हो गई जेब खाली



**ग्रेटर नोएडा, ।** सोशल साइट पर किराए का मकान तलाशना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ गया। जालसाज ने ठगे गए व्यक्ति को अपने जाल में फंसा कर उसे 30500 रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ नोएडा के थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा के सेक्टर-34 स्थित उदयगिरी अपार्टमेंट निवासी अरुणांगशु घोष ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने लिए किराये का मकान तलाश रहे थे। इस दौरान उन्होंने रियल स्टेट की एक वेबसाइट पर सर्च किया। इस साइट पर आशुतोष शुक्ला ने अपने मकान को किराए पर देने के लिए विज्ञापन दिया हुआ था। विज्ञापन पर दिए गए नंबर पर उसने कॉल कर मकान किराए पर लेने की बात कही। आशुतोष शुक्ला ने बताया कि उसे गेट पास के रूप में 1000 रुपए का भुगतान करना होगा। मकान देखने के बाद यह धनराशि उसे वापस कर दी जाएगी।

## महर्षिनगर में धूमधाम से गणेश महोत्सव शुरू



**नोएडा, ।** महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीगणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की वैदिक विधि विधान से स्थापना की गई है। महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के मीडिया प्रभारी एके लाल ने बताया कि 28 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से मध्यान्ह 11.30 बजे तक तथा सायं 7 बजे से पूजा-अर्चना, भजन, प्रवचन, आरती होगी। प्रत्येक दिन के अनुष्ठानों और पूजा उपरांत विधि विधान से दसवें दिन प्रतिमा विसर्जित की जाएगी। महर्षि संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश ने बताया कि इस अवसर पर श्री गणेश सार्थक शीर्षक पाठ की आवृत्ति व अभिषेक करना, गणेश पुराण का पाठ करना व सुनना मनोकामना की पूर्ति करने वाला होता है। इस दौरान महर्षि नगर में आयोजित भगवान गणेश की पूजा में अध्यक्ष अजय प्रकाश, शिशिर श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, श्रीकांत ओझा, कमलेश यादव, संतोष श्रीवास्तव, रामेंद्र सचान, गिरीश अग्निहोत्री, यादवेंद्र यादव, एसपी गर्ग, एलएम सोम, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लिफ्ट मामले में ट्रेड यूनियन के नेताओं में भारी आक्रोश, दी प्रदर्शन की चेतावनी

**नोएडा,।** नोएडा संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि आम्रपाली ड्रीम वैली साइट पर हुए लिफ्ट हादसे के दोषी निमार्णाधीन सोसायटी के मालिकानों की शीघ्र गिरफ्तारी न हुई तो ट्रेड यूनियन 20 सितंबर से धरना-प्रदर्शन करेंगी। हिन्द मजदूर सभा के प्रदेश महासचिव आर.पी. सिंह चौहान ने बताया कि इस मामले को लेकर सभी ट्रेड यूनियन ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात की तथा उन्हें 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें मृतक मजदूरों को समुचित मुआवजा, उनके आश्रितों को स्थाई नौकरी तथा दोषी निमार्णाधीन सोसायटी के मालिकों की गिरफ्तारी की मांग की गई है। हालांकि जिलाधिकारी ने उन्हें अधिकांश मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठन की भी स्वीकृति कर दी है। श्री चौहान ने कहा कि यदि सभी मांगें पूरी नहीं हुई तो मजबूरन सभी ट्रेड यूनियन को संयुक्त रूप से हादसे वाले साइट पर धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा। जिलाधिकारी के साथ वार्ता में इंटक, एकट, एचएमएस, एक्टू, यटीयूसी, सीटू तथा टीयूसीआई ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी ने महिला मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल को केंद्रीय कार्यालय के लिए रवाना किया

**संवाददाता**

**दादरी।** आज नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में मा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु जिला गौतमबुद्ध नगर की महिला मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी तोमर जी के नेतृत्व में केंद्रीय कार्यालय भाजपा नई दिल्ली के लिए रवाना हुआ, जिसे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भाजपा गजेंद्र मावी जी ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिनिधिमंडल को भाजपा जिला कार्यालय से रवाना किया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश के इतिहास में यह अभूतपुर कदम उठाने का कार्य यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है, उन्होंने कहा



भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र के अनुसार प्रत्येक वादे को पूर्ण करने का कार्य किया है । इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, ब्लॉक प्रमुख दादरी बिजेंद्र भाटी, रवि जिंदल, जिलाध्यक्ष भाजयुमो राज नागर, इंद्रजीत टाइगर, मनोज प्रधान, सुनील भाटी, सुनील खारी, कुमुद शर्मा, अनिता गौतम, शांति सिंह, अपर्णा सिंह, पूनम सिंह, मुकेश भाटी, संगीता तिवारी, प्रीति भगेल, अंजना त्यागी, सविता गुर्जर, उषा वत्स, रजनी कटारिया, राजकुमारी शर्मा, वीना शुक्ला आदि ।

## बीटेक में प्रवेश के लिए 23454 सीटें आवंटित

**ग्रेटर नोएडा, ।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग के तहत चॉइस फिलिंग और लॉकिंग के बाद सीट अलॉटमेंट हो गयी है। बीटेक में एडमिशन के लिए 33,793 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जबकि 28450 ने चॉइस भरी थी। इस आधार पर बीटेक में प्रवेश के लिए 23454 सीट आवंटित की गई है। प्रथम चरण की काउंसलिंग के तहत 15 सरकारी संस्थानों में 4569 सीटों के सापेक्ष 3462 सीट आवंटित की गई है।

काउंसलिंग के तहत सीट अलॉमेंट में बीआईईटी झांसी में 423 सीट में से 398, आईईटी लखनऊ में 599 में से 581, केएनआईटी सुल्तानपुर की 487 में से 461, आरईसी बस्ती में 288 सीट में से 166, आरईसी गोंडा में 288 में से 100, आरईसी मीरजापुर की 288 में से 183, आरईसी प्रतापगढ़ की 288 में से 106, आरईसी अंबेडकरनगर की 207 में से 179, आरईसी आजमगढ़ में 201 में से 137, आरईसी बांदा की 207 में से 181, आरईसी बिजनौर में 204 में से 172, आरईसी कन्नौज की 294 में 255, आरईसी मैनपुरी में 294 में से 233, आरईसी सोनभद्र की 261 में 222 सीट , यूपीटीटीआई कानपुर की 240 में से 88 सीट का अलॉटमेंट प्रथम राउंड की काउंसलिंग में किया गया है। वहीं, बीआर्क की 156 सीट आवंटित की गयी हैं। इसमें फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर की 96 सीटों में से 80 सीट अलॉट हुई है। जिन अभ्यर्थियों को सीटें अलॉट हुई हैं वे 20 सितंबर तक निर्धारित शुल्क जमाकर अपनी सीट लॉक करा सकते हैं। दूसरे राउंड की काउंसलिंग 21 सितंबर से शुरू होगी। वहीं मंगलवार को सीयूईटी पीजी के तहत एमसीए में प्रवेश के लिए 1537 सीटें आवंटित हुईं, जबकि एमबीए में प्रवेश के लिए 1041 सीट आवंटित की गयी।विश्वविद्यालय से संबद्ध फॉमेर्सी संस्थानों में प्रवेश के लिए अभी तक 25 सौ अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

## पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर 21 लाख ऐंठे




**नोएडा, ।** साइबर अपराधी ने घर बैठे पार्ट टाइम नौकरी कर लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर युवती से 21 लाख 10 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ता को टेलीग्राम ऐप के एक ग्रुप में जोड़कर ठगी की गई। साइबर क्राइम ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भंगेल निवासी निकिता कुमारी ने बताया कि वह ऑनलाइन पार्ट टाइम नौकरी तलाश रही थीं। इसी दौरान एक अनजान नंबर से उसके पास मैसेज आया, जिसमें टास्क पूरा कर घर बैठे प्रति माह लाखों रुपये कमाने की बात कही गई। मैसेज में दिए गए नंबर पर कॉल करने पर महिला को टास्क देकर टेलीग्राम ऐप के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। टास्क पूरा करने से पहले कुछ धनराशि जमा करवाई गई। इसके बाद जालसाज ने एक वेबसाइट पर युवती की एक यूजर आइडी बनवाई। साथ ही, कहा कि जमा धनराशि इस वेबसाइट पर दिखाई देगी। उसका लिंक भी दिया। शुरूआती टास्क पूरा करने पर जालसाज ने 100 रुपये पेटीएम में ट्रांसफर किए। इसके बाद जालसाज टास्क पूरा कराते गए और पीड़िता से धनराशि बैंक खातों में ट्रांसफर कराते गए। पीड़िता ने 11 से 13 अगस्त के बीच 28 बार में 21 लाख 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए। रुपये निकालने की कोशिश की तो आरोपितों ने ग्रुप से बाहर निकाल दिया और नंबर भी ब्लॉक कर दिया। युवती ने अपनी कुल जमा पूंजी के साथ ही दोस्तों और करीबियों से रकम उधार लेकर उक्त खातों में ट्रांसफर की। साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव ने बताया कि नाइजीरियन गिरोह द्वारा ठगी करने की आशंका है। लोग ऐसे लुभावने काम के झांसे में न आएं।

## 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लिए डिजाइन किया गया व्यापक कार्यक्रम । डा.महेश शर्मा

**संवाददाता**

**दिल्ली।** दिनांक सितंबर 21/2023 को डा. महेश शर्मा सांसद - गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में भारत सरकार के द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। भारत सरकार की रिपोर्ट ह्लप्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियानह्व पीएमटीबीएमबीए को प्रस्तुत किया गया जो कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से संबंधित संसदीय स्थायी समिति के तहत भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य 2025 तक राष्ट्र से टीबी को समाप्त करना है। इसका मुख्य ध्यान शीघ्र निदान, उच्च और गुणवत्तापूर्ण उपचार, सामुदायिक सहभागिता, और निजी क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के सहयोग के साथ, ताकि यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इस रिपोर्ट में 49 सिफारिशें हैं, जो निम्नलिखित चार अध्यायों में विभाजित हैं

**1. विषय का परिचय, टीबी को**




**एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या के रूप में देखना, भारत में टीबी की बोझ और प्रसार, कोविड-19 के टीबी पर प्रभाव, वैश्विक और राष्ट्रीय टीबी समाप्ति के लिए लक्ष्यों पर विचार करता है।**

**2. प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पर केंद्रित है ।**

**3. टीबी उपचार की उपलब्धता और कीमत के साथ संबंधित है।**

**4. अनुसंधान, आगे की दिशा और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं पर विचार करता है**

भारत, अब भी वैश्विक टीबी मामलों के लगभग एक चौथाई तक योगदान करता है, और संक्रामक बीमारियों में कोविड-19 के बाद इस अभियान को सरकार की प्रतिबधता की पुष्टि के रूप में देखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है कि सभी अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर हो । भारत जिसने अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित रहा है, ट्यूबरक्यूलोसिस (टीबी) के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण कदम भी उठाया है। 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लिए डिजाइन किया गया एक व्यापक कार्यक्रम के रूप में, पांच वर्षों पहले श्विश्व स्वास्थ्य संगठनह्व (हल्ड) द्वारा निर्धारित वैश्विक लक्ष्य के साथ, और विश्व ट्यूबरक्यूलोसिस दिवस के रूप में, भारत ने अपनी लड़ाई को जारी रखने की पुष्टि की है। देश आंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस प्रयास में हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता है, ताकि हम साथ में ट्यूबरक्यूलोसिस के बोझ से मुक्त दुनिया बना सकें।

## केसीआर सरकार ने दिया बड़ा तोहफा, 9 लाख से ज्यादा किसानों का कर्ज हुआ माफ

हैदराबाद। तेलंगाना राज्य की केसीआर सरकार ने राज्य की जनता के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है। इसी क्रम में केसीआर सरकार ने राज्य के किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। बता दें कि राज्य के किसानों को तेलंगाना सरकार की तरफ से 5,809.78 करोड़ रुपये का तोहफा दिया गया है। 9 लाख से ज्यादा किसानों के 1 लाख रुपए से कम के एग्री लोन को माफ किए जाने का ऐलान किया है। राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए लोन माफी के लिए फंड जारी करने का ऐलान किया है।

**1 लाख से कम लोन किया जाएगा माफ**

मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने 1 लाख रुपये से कम लोन लेने वाले किसानों को लोन के बोझ से मुक्त किए जाने का ऐलान किया है। बता दें कि बैंकों को 99,999 रुपये तक के लोन का भुगतान करने का फैसला किया जाएगा। सीएम ने कहा कि किसानों की तरफ से बैंको में फौरन पैसा जमा किया जाएगा। के. चंद्रशेखर के निर्देश पर वित्त विभाग की तरफ से 9,02,843 किसानों के लिए 5,809.78 करोड़ रुपये जारी किए।

साल 2018 में दूसरी बार सत्ता संभालने के दौरान मुख्यमंत्री केसीआर ने 11 दिसंबर 2018 तक 1 लाख रुपये से कम फसली लोन लिए जाने वाले किसानों का कर्ज माफ किए जाने का वादा किया था। लेकिन कोविड-19 की महामारी, लॉकडाउन और नोटबंदी के कारण केसीआर सरकार को संसाधन जुटाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। ऐसे में सीएम ने इंडिपेंडेंस डे के मौके पर 45 दिनों में कर्ज माफी पूरी करने का फैसला किया।

किसानों का लोन होगा माफ

बता दें कि राज्य सरकार ने 50,000 रुपये तक का लोन लेने वाले 7,19,488 किसानों के बैंकों में 1,943.64 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वहीं 99,999 रुपये तक की लोन राशि से निपटने के लिए नए आदेश जारी किए गए हैं। इस फैसले से 16,66,899 किसानों को फायदा पहुंचा है। राज्य सरकार के मंत्री तेलंगाना के किसानों के लिए इसे वरदान बता रहे हैं। वहीं इस साल के अंत कर राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## जन आक्रोश यात्रा के दौरान आपस में ही भीड़ गए कांग्रेस कार्यकर्ता, खूब चले लाठी-डंडे

भोपाल । मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। हालांकि, दोनों पार्टियों में गुटबाजी भी समय-समय पर दिख जा रही हैं। मध्य प्रदेश के पवई क्षेत्र में जन आक्रोश यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में ही झगड़ने लगे, जब उनमें से कुछ ने मुकेश नायक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। घटना उस वक्त हुई जब कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा गुरुवार को दमोह से पवई विधानसभा के सिमरिया पहुंची. वहां पहले से मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुकेश नायक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके साथ ही उनके हाथों में 'मुकेश नायक मुर्दाबाद' जैसे नारे लिखी तख्तियां भी थीं। बताया जा रहा है कि स्थानीय कार्यकर्ता मुकेश नायक से नाखुश थे। उनकी मांग है कि पार्टी वहां से किसी स्थानीय कार्यकर्ता को मौका दे। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हालांकि, पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। झड़प के दौरान अरुण यादव और सीपी मित्तल समेत कई बड़े नेता भी वहां मौजूद थे। मुकेश नायक बुन्देलखण्ड में जन आक्रोश यात्रा के सह प्रभारी भी हैं। अपने ही इलाके में इस पद्धति के विरोध के बीच नायक की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। कांग्रेस 19 सितंबर से पूरे राज्य में अपनी 'जन आक्रोश यात्रा' निकाल रही है। कांग्रेस पार्टी मौजूदा भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधने के उद्देश्य से 19 सितंबर से राज्य भर में 'जन आक्रोश यात्रा' निकाल रही है। भाजपा ने तंज कसते हुए कहा कि जन आक्रोश झेल रहे कांग्रेसियों ने एक-दूसरे पर निकाला आक्रोश। दूसरी ओर पूर्व सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, आदिवासियों और महिलाओं पर अत्याचार में नंबर 1 है। ये आंकड़े मैं नहीं दे रहा हूं, ये केंद्र सरकार ने जारी किया है। ये हमारे प्रदेश की स्थिति है आज। प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का गवाह है या इसका शिकार है। कोई भी निवेश करने को तैयार नहीं है। जब मैं कहता हूं कि छिंदवाड़ा आओ तो वे कहते हैं कि हम नागपुर जाएंगे क्योंकि यहां कोई भरोसा नहीं है।'

## चंद्रबाबू नायडू की एफआईआर रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज, बढ़ाई गई दो दिनों की रिमांड

नई दिल्ली । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने कथित करोड़ों रुपये के आंध्र प्रदेश कौशल विकास निगम भ्रष्टाचार मामले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को दो दिनों के लिए अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को हिरासत में दे दिया है। आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) पी सुधाकर रेड्डी ने कहा कि नायडू को राजमुंदरी सेंट्रल जेल में रखा जाएगा और जांच की जाएगी। रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू की जांच करने वाले अधिकारियों की सूची भी अदालत को दी जानी चाहिए। हिरासत में पूछताछ की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट को दी जाए. जांच से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो लीक नहीं होने चाहिए। राज्य विधानसभा में उनकी पार्टी के लगातार विरोध प्रदर्शन और कार्यवाही बाधित होने के बीच एसीबी अदालत द्वारा नायडू की न्यायिक हिरासत 24 सितंबर तक बढ़ाए जाने के कुछ घंटों बाद यह घटनाक्रम सामने आया। सूत्रों के मुताबिक, चंद्रबाबू नायडू, जो कथित कौशल विकास निगम घोटाले में गिरफ्तारी के बाद जेल में हैं, अपनी रिमांड सुनवाई के लिए वस्तुत: उपस्थित हुए। टीडीपी प्रमुख को मामले के सिलसिले में 9 सितंबर को नंद्याल में गिरफ्तार किया गया था।

## पंजाब में मादक पदार्थ-हथियारों की तस्करी से निपटने के लिए कांग्रेस-आप ने एकजुट प्रयास की अपील की

नईदिल्ली। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब में सीमा पार से ड्रोन के जरिये मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी को लेकर लोकसभा में चिंता जताई और इस पर अंकुश लगाने के लिए एकजुट प्रयास करने की अपील की। कांग्रेस के जसबीर सिंह गिल और आप नेता सुशील कुमार रिंकू ने सदन में ''चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे राष्ट्र की अन्य उपलब्धियां'' विषय पर चर्चा के दौरान पंजाब की समस्या का उल्लेख किया। गिल ने कहा कि खाद्यान्न संकट से कभी जूझने वाला भारत, पंजाब के किसानों की मेहनत से खाद्यान्न अधिशेष वाला देश बन गया। उन्होंने कहा कि चारों तरफ खतरा मौजूद है, एक तरफ पाकिस्तान है तो दूसरी ओर चीन। उन्होंने कहा कि ड्रोन के जरिये पंजाब के भीतर मादक पदार्थों की तस्करी धड़ल्ले से जारी है और इससे निपटने के लिए एकजुट प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह सबकी जिम्मेदारी है। आप नेता रिंकू ने ड्रोन के जरिये पंजाब में हथियार की आपूर्ति किये जाने पर चिंता जताई और इससे निपटने के उपाय ढूंढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए कनाडा, लंदन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देश जाने वाले विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्रों को मान्यता दिये जाने में आने वाली समस्या से निजात पाने की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार को स्वदेश में ही समान स्तर की शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि विदेश में खर्च होने वाली लाखों-करोड़ों की राशि दूसरे देश में ना जाये और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या भी ना हो।

## नोएड़ा में पशुओं को जहर देकर मारने वाला ठेकेदार गिरफ्तार, खुलासे में सामने आई ये वजह

नई दिल्ली। अपने गिरोह के सदस्यों से पशुओं को जहरीला पदार्थ खिलवाकर उन्हें मारने तथा उनके शव को उठाकर मोटी रकम कमाने के धंधे में शामिल एक ठेकेदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। इसके दो साथियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। जारचा के थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को पुलिस ने हापुड़ निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया। प्रदीप के पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। सिंह ने बताया कि प्रदीप अपने गिरोह के सदस्यों के जरिए पशुओं को जहरीला पदार्थ खाने में मिलाकर देता था तथा उनकी मौत होने के बाद उनके शव को उठाकर मीट बेचने का कारोबार करने वाले लोगों को बेच देता था।

# भारत ने अपने पश्चिमी साझेदारों और मित्रों से संपर्क साधा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर कनाडा के साथ राजनयिक विवाद गहराने के बीच भारत ने कनाडा की धरती से बढ़ रही भारत-विरोधी तत्वों की गतिविधियों पर अपनी चिंताओं से प्रमुख पश्चिमी साझेदारों और मित्रों को अवगत कराया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि कनाडा ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से संबंधित मामले में भारत को कोई विशेष जानकारी मुहैया नहीं करायी है।

बागची ने मीडिया से बातचीत में कहा, ''इस मामले में कनाडा द्वारा कोई विशेष जानकारी (हमारे साथ) साझा नहीं की गई है। हम (इस मामले में) हमें प्रदान की गई किसी भी विशिष्ट जानकारी पर गौर करने को तैयार हैं।''

कनाडा में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता का आरोप कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए जाने के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में तनाव आ गया है। भारत ने मंगलवार को इन आरोपों को 'बेतुका' और (निजी हितों से) 'प्रेरित' बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया था।

इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बाद भारत ने भी एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। बागची ने कहा, ''हम इस मामले सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने सहयोगियों/मित्रों के संपर्क में हैं। हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। हम इसे किस रूप में देखते हैं, इसपर अपने रुख से अवगत करा दिया है।'' उनसे पूछा गया था कि क्या भारत ने कनाडा के साथ अपने राजनयिक विवाद से अपने करीबी साझेदारों/मित्रों को अवगत कराया है। ऐसी सूचना है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका समेत अन्य देशों से संपर्क किया है और कनाडा में भारत विरोधी तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर अपनी चिंताओं से उन्हें अवगत कराया है।

ऊपर उद्धृत सूत्रों ने यह भी कहा कि भारत ने कनाडा के साथ राजनयिक विवाद पर अपने समग्र रुख से अपने प्रमुख मित्रों और भागीदारों को अवगत करा दिया है। बढ़ते राजनयिक तनाव के मद्देनजर भारत में अपने मिशनों की सुरक्षा को लेकर कनाडा की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर बागची ने कहा कि भारत अपने दायित्वों को बहुत गंभीरता से लेता है। उन्होंने कहा, ''हम निश्चित रूप से भारत में विदेशी राजनयिकों को पूरी सुरक्षा प्रदान करेंगे। हम कनाडा के अधिकारियों से भी उम्मीद करते हैं कि वे कनाडा में हमारे राजनयिकों के प्रति इसी तरह की संवेदनशीलता दिखाएंगे।

## सनातन धर्म पर हमला करने वाली पार्टियों को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर करें : प्रमोद कृष्णन

नई दिल्ली। संत प्रमोद कृष्णन ने सनातन धर्म पर हमला करने वाले नेताओं को रावण की संतान बताया और 'इंडिया' में शामिल पार्टियों से उन्हें विपक्षी गठबंधन से बाहर करने को कहा। कांग्रेस पार्टी से जुड़ाव रखने वाले कृष्णन ने यहां साधु—संतों से भेंट करने के बाद कहा, ''द्रमुक और समाजवादी पार्टी जैसे राजनीतिक दलों के नेता, जो सनातन धर्म को समाप्त करने की बात करते हैं, वे रावण के वंशज हैं। (इंडिया) गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं को अपने गुट से ऐसी पार्टियों को बाहर कर देना चाहिए।'' इस संबंध में उन्होंने कहा कि जो सनातन के खिलाफ हैं, वे भारत के खिलाफ़ है क्योंकि बिना सनातन के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, ''अब समय आ गया है कि यह तय होना चाहिये कि आप सनातन के साथ खड़े हैं या उसके विरोधियों के।'' साधु—संतों ने भी सनातन के खिलाफ बोलने वाले नेताओं की निंदा करते हुई उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। संतो ने ऐसे नेताओं के खिलाफ राजद्रोह के मुकदमे दर्ज करने और ऐसी पार्टियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की भी आलोचना की और कहा कि विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन में शामिल उनकी पार्टी को यह निर्णय लेना होगा कि वह रामायण और रामचरित मानस के साथ हैं या इनके विरोधियों के साथ। रामचरित मानस मुद्दे को जनवरी, 2022 में मौर्य ने ही छेड़ा था जब उन्होंने दावा किया था कि धार्मिक ग्रंथ के कुछ हिस्सों में समाज के एक बड़े वर्ग का जाति के आधार पर अपमान किया गया है।

# राहुल गांधी का सरकार पर निशाना, बोले- सिर्फ ध्यान भटकने की हो रही कोशिश, पीएम मोदी ने ओबीसी के लिए क्या किया?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद से महिला आरक्षण विधेयक पास होने के बाद राजनीति भी जारी है। भले ही लगभग सभी राजनीतिक दलों ने इसका समर्थन किया है। लेकिन कहीं ना कहीं उनकी ओर से सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इन सबके बीच आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि महिला आरक्षण को आज से ही लागू किया जा सकता है। लेकिन सरकार ऐसा नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना से ध्यान भटकने की लगातार सरकार की ओर से कोशिश हो रही है। उन्होंने मांग की की नारी शक्ति वंदन बिल से दो प्रावधान जनगणना और परिसीमन को हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक बढ़िया है लेकिन हमें दो फुटनोट मिले कि जनगणना और परिसीमन उससे पहले करने की ज़रूरत है। इन दोनों में वर्षों लगेंगे।

### उठाया ओबीसी का मुद्दा

कांग्रेस नेता ने कहा कि सच तो यह है कि आरक्षण आज लागू हो सकता है। यह कोई जटिल मामला नहीं है लेकिन सरकार ऐसा नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसे देश के सामने पेश कर दिया है लेकिन इसे अब से 10 साल बाद लागू किया जाएगा। कोई नहीं जानता कि यह लागू भी होगा या नहीं। यह ध्यान भटकाने की युक्ति है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि ऐसा क्या है जिससे आपका ध्यान हटाया जा रहा है? ओबीसी जनगणना से। मैंने संसद में एक संस्था के बारे में बात की, जो भारत सरकार चलाती है - कैबिनेट सचिव और सचिव...मैंने पूछा कि 90 में से केवल तीन लोग ओबीसी समुदाय से क्यों हैं?...मुझे समझ नहीं आता कि पीएम मोदी क्या बोलते हैं हर दिन ओबीसी की लेकिन उन्होंने उनके लिए क्या किया?

### 'पूर्ण बहुमत वाली सरकार बड़े फैसले लेती है'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महिला आरक्षण विधेयक पारित होने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की प्रतिबद्धता थी और उसने आज इसे पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि दशकों की बाधाएं थीं, लेकिन जब इरादा स्पष्ट होता है, तो ÷हम परिणाम देखते हैं÷। उन्होंने बिल के पक्ष में वोट करने के लिए सांसदों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सांसदों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर बिल का समर्थन किया। मोदी ने कहा कि मैं आज देश की सभी महिलाओं को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसों हमने एक नया इतिहास बनते देखा। हमारा सौभाग्य है कि करोड़ों लोगों ने हमें यह इतिहास बनाने का अवसर दिया है।

## विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री का चयन 2024 लोकसभा चुनाव में जीत के बाद होगा : येचुरी



**नालंदा (एजेंसी)।** माकपा महासचिव, सीताराम येचुरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता में आने के बाद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए व्यक्ति तय किया जाएगा। पटना से करीब 120 किमी दूर राजगीर में पत्रकारों से बातचीत में येचुरी ने कहा, 'इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दल 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री के बारे में फैसला करेंगे। 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर गठबंधन के निर्वाचित सांसद प्रधानमंत्री का चुनाव करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सवाल पूछना उचित नहीं है कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलॉपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस) गठबंधन के लिए प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा। येचुरी ने कहा कि 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी यही सवाल उठाया गया था। 2004 के लोकसभा चुनाव में क्या हुआ, संप्रग सत्ता में आई और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने और वह 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे। माकपा के राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में शामिल होने के बाद येचुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'भारी बारिश के बीच राजगीर, नालंदा (बिहार) के लोगों से माकपा में शामिल होने का आग्रह कर रहा हूं। आज भारत को बचाने की लड़ाई में शामिल होने के लिए सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया ताकि भाजपा को हराकर और राज्य की सभी 40 सीटों पर 'इंडिया' गठबंधन की जीत सुनिश्चित किया जा सके।

## कावेरी जल विवाद : सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से इनकार के बाद कर्नाटक में तेज हो गया प्रदर्शन, तमिल बहुल इलाको में बढ़ाई गई सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुरुवार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और विनियमन समिति के आदेशों में हस्तक्षेप करने से इनकार करने के बाद कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें राज्य को तमिलनाडु को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था। किसान संगठनों और कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कावेरी नदी बेसिन जिलों मैसूरु, मांड्या, चामराजनगर, रामानगर, बेंगलुरु और राज्य के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया और अपना गुस्सा व्यक्त किया और राज्य सरकार से पड़ोसी राज्य को पानी नहीं छोड़ने का आग्रह किया।



कर्नाटक का कहना है कि वह कावेरी बेसिन क्षेत्रों में खड़ी फसलों के लिए पीने के पानी और सिंचाई की अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि मानसून में कम बारिश के कारण पानी की कमी हो गई है। विरोध चित्रदुर्ग, बल्लारी, दावणगेरे, कोप्पल और विजयपुरा जैसे जिलों में भी फैल गया है। रायथा हितरक्षण समिति के तत्वावधान में किसानों ने मांड्या में सर एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन जारी रखा। वे आज पुराने मैसूरु क्षेत्र, जो कावेरी बेल्ट भी है, में एक प्रमुख धार्मिक मदरसा, आदिचुंचनगिरी मठ के प्रमुख, निर्मलानंदनाथ स्वामीजी से जुड़े हुए थे।

## साइंटिफिक सर्वे पर हाई कोर्ट ले फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर सर्वेक्षण की याचिका खारिज कर दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने इस मुद्दे पर फैसला करने का अधिकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय पर छोड़ दिया गया। हाई कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि हमें अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है, खासकर अंतरिम में क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष बड़े पैमाने पर कई मुद्दे लंबित हैं।

हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर लगभग 10 मुकदमे दायर किए गए हैं। 26 मई को हाई कोर्ट ने सभी मुकदमों की सुनवाई एक साथ करने का निर्देश दिया था। यह आदेश देवता की ओर



से अगली मित्र (कानूनी प्रतिनिधि को इंगित करने वाला शब्द) रंजना अग्निहोत्री, एक वकील के माध्यम से दायर याचिका पर आया। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने सर्वेक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट कोर्ट में याचिका दायर की. ट्रस्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि 31 मार्च को मथुरा की एक अदालत ने सर्वेक्षण का निर्देश देने से इनकार कर दिया। उन्होंने अदालत को बताया कि वे बाद में उच्च न्यायालय चले गए, जिसने 10 जुलाई को मथुरा अदालत के आदेश में कोई अवैधता नहीं पाते हुए अपील खारिज कर दी। भाटिया ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय अपने 10 जुलाई के आदेश पर अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं कर सकता।

ईदगाह समिति ने अदालत को सूचित किया कि उच्च न्यायालय में सभी मुकदमों को समेकित करने के 26 मई के आदेश के खिलाफ एक अपील उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है और विचाराधीन है। पीठ ने कहा कि यहां पक्षों के अधिकारों और तर्कों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, याचिका खारिज की जाती है...' इसमें कहा गया है कि यह उच्च न्यायालय को निर्णय लेना है कि वे किस रास्ते पर आगे बढ़ना चाहते हैं।

## सनातन धर्म पर टिप्पणी के लिए उदयनिधि स्टालिन, 14 अन्य को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली । सनातन धर्म पर टिप्पणी के लिए उदयनिदी स्टालिन, 14 अन्य को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अपनी टिप्पणियों में उदयनिधि स्टालिन, जो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। उन्होंने लोगों के बीच विभाजन और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए %सनातन धर्म% को दोषी ठहराया था और इसके उन्मूलन का आह्वान किया था। बता दें कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि, सनातन धर्म पर अपनी टिप्पणी के बाद विवादों में हैं। उन्होंने इसकी तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की और इसके उन्मूलन की मांग की थी। तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स एंड आर्टिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक को संबोधित करते हुए उदयनिधि ने कहा कि सनातन समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। युवा मंत्री ने आरोप लगाया कि सनातन ने लोगों को जाति के आधार पर बांटा है।


# चंद्रयान-3: चांद पर एक बार फिर टिकी सबकी निगाहें! अब कल जागेंगे विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में सभी की निगाहें चंद्रयान-3 मिशन पर है। इसमें आज विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को सक्रिय करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन ये प्रक्रिया आज नहीं हो सकी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान को पुनर्जीवित करने की योजना शनिवार तक के लिए टाल दी है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के निदेशक नीलेश देसाई ने कहा कि पहले हमने 22 सितंबर की शाम को (प्रज्ञान) रोवर और (विक्रम) लैंडर को फिर से सक्रिय करने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ कारणों से अब हम इसे कल 23 सितंबर को करेंगे। मिशन के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर, जो 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उस स्थान पर सफलतापूर्वक उतरे थे, जिसे अब 'शिव शक्ति प्वाइंट' के नाम से जाना जाता है, 23 सितंबर को फिर से सक्रिय होने के लिए तैयार हैं। चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक प्रयोग करने के बाद इस महीने की शुरुआत में रोवर और लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया गया था। रोवर को 2 सितंबर को स्लीप मोड में डाल दिया गया था, उसके बाद 4 सितंबर को लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया गया था। अपने परिचालन चरण के दौरान, विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने कई चंद्र प्रयोगों को अंजाम दिया। प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह पर 100 मीटर से अधिक की दूरी तय की, जिससे दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा की सतह में सल्फर (एस) की उपस्थिति की पुष्टि हुई। विक्रम लैंडर ने दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में निकट-सतह चंद्र प्लाज्मा वातावरण का अभूतपूर्व माप भी किया। इसरो ने शुरुआत में रोवर के लिए 300-350 मीटर की दूरी तय करने की योजना बनाई थी। हालाँकि, कुछ कारणों से रोवर अब तक केवल 105 मीटर ही आगे बढ़ पाया है। इसके बावजूद, मिशन ने अपने उद्देश्यों को पार कर लिया है, विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर हॉप परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो भविष्य के चंद्रमा मिशन और मानव अन्वेषण के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



# हेल्थ प्लस

## भोजन में आवश्यक पौष्टिक तत्व



**शरीर** को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए भोजन में पौष्टिक तत्वों का उचित समावेश होना चाहिए। क्या हैं ये पौष्टिक तत्व और इनका स्वास्थ्य में क्या योगदान, आइए जानें –

**प्रोटीन**

शारीरिक विकास, फुर्तीलेपन, उत्साह और शक्ति के लिए प्रोटीन आवश्यक है। यह शरीर में कोशिकाओं की क्षतिपूर्ति करता है। यह दालों, अनाजों, चना, मटर, दूध, छाछ, पनीर व क्रीम निकले दूध, फल और मेवों आदि में होता है।

**वसा**

शरीर में गर्मी और शक्ति के लिए वसा का सेवन आवश्यक है। दूध, दही, घी, क्रीम, मक्खन, तेल, काजू, अखरोट, बादाम व मूंगफली आदि में वसा बहुतायत मात्रा में वसा पाई जाती है।

**खनिज लवण**

खनिज शरीर में शक्ति बनाए रखते हैं , हड्डियों को मजबूत बनाते हैं व रोगों से शरीर की रक्षा करते हैं। ये ताजा साग–सब्जी,फल,गेहूं, चावल, दूध आदि में मिलते हैं।

**कार्बोहाइड्रेट**

शक्ति, गर्मी और शारीरिक विकास के लिए कार्बोहाइड्रेट की जरुरत होती है। यह गेहूं चावल, मक्का, ज्वार,बाजरा, गन्ना, खजूर, मीठे फलों आदि में विशेष रूप से पाया जाता है।

**पानी**

शरीर में पानी की मात्रा काफी होती है। नमी बनाए रखने, शरीर की सफाई करके गंदे पदार्थों को शरीर से निकालने में पानी मददगार होता है। पानी की उचित मात्रा से भोजन पचने और खून के दौरे को सुचारु बनाये रखने में मदद मिलती है और शरीर का तापमान भी सही रहता है।

**कैल्शियम**

दांतों, हड्डियों और बालों के स्वास्थ्य के लिए कैल्शियम आवश्यक होता है। इससे रंग भी निखरता है और माहवारी संबंधी समस्याएं भी नियंत्रित होती हैं। हरी सब्जियों, दूध,दही, छाछ, पनीर आदि में यह बहुतायत से पाया जाता है।

**लौह तत्व**

लौह तत्वों की कमी से शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके अभाव से खून शरीर के प्रत्येक हिस्से तक शुद्ध रक्त नहीं पहुंचा पाता है। यह हरी सब्जियों, अनाज, फल और सूखे मेवों में पाए जाते हैं।

**विटामिन**

शरीर को स्वस्थ और रोग मुक्त रखने के लिए विटामिन जरुरी होते हैं। ये हरी सब्जियों, ताजे फल, चावल, गेहूं,दूध से बने पदार्थ, मक्खन, फल, अंकुरित चने,बींस आदि में पाए जाते हैं।

## अधिक या कम नींद से हृदय रोग



**विशेषज्ञों** के अनुसार पर्याप्त नींद लेना बहुत आवश्यक है। पर्याप्त नींद न लेने से व्यक्ति कई बीमारियों से ग्रस्त हो सकता है। अब विशेषज्ञों ने अपने शोध के फलस्वरूप पाया है कि जिस तरह कम नींद लेना भी हानिकारक है। उसी प्रकार अधिक नींद लेना भी हानिकारक है। जो महिलाएं कम सोती हैं या बहुत अधिक सोती हैं उन्हें कोरोनरी हार्ट डिसीज होने की संभावना अधिक होती है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन आठ घंटे की नींग लेनी चाहिए और न ही कम।

जिन महिलाओं ने केवल 5 घंटे की नींद ली उन्हें आठ घंटे नींद लेने वाली महिलाओं की तुलना में हृदयाघात की संभावना 45 प्रतिशत अधिक पाई गई। जो महिलाएं 7 घंटे नींद लेती हैं उन्हें भी आठ घंटे नींद लेने वाली महिलाओं की अपेक्षा हृदयाघात की संभावना 9 प्रतिशत अधिक पाई गई। इसके विपरीत जिन महिलाओं ने 9 घंटे या उससे अधिक नींद ली उन्हें हृदय रोगों के होने की 38 प्रतिशत अधिक संभावना पाई गई।

विशेषज्ञों के अनुसार अधिक सोने का संबंध स्लीप एपनिया से है जिसमें व्यक्ति को आवश्यक आक्सीजन न मिल पाने से भी हृदय रोगों की संभावना बढ़ जाती है।

## खतरनाक तंबाकू

**देश** में गुटखा, खैनी, मैनपुरी, सिगरेट सेवन का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। लोग विभिन्न कारणों से सिगरेट, तंबाकू, गुटखा का सेवन करते है और शीघ्र ही इसके लती हो जाते है। अनुमान है कि तंबाकू परोक्ष, अपरोक्ष मौत का नम्बर एक कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू सेवन शरीर के लिए हानिकारक होता है जिसके कारण हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पक्षाघात, धमनियों के रोग, आंतों के रोग तथा अनेक अंगों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। तम्बाकू सेवन से वृद्धावस्था कम उम्र में शुरू हो जाती है और तेजी से बदलाव होते है। औसत आयु कम होती है। धूम्रपान जहर सदृश्य है, इसका सेवन करने से होंठ, अंगुलियों पर निशान पड़ जाते है, जीभ काले रंग की हो जाती है, स्वाद की संवेदना कम हो जाती है। तंबाकू सेवन करने से दांत मसूड़े खराब हो जाते है। स्वाद संवेदना में कमी आती है। आमाशय में अल्सर हो सकते है। सिगरेट, बीड़ी पीने वालों में धमनियों का व्यास कम होने से 'बरजर' रोग के कारण पैरों में असहनीय दर्द होता है और इनमें पैरों की अंगुलियां सड़ जाती है, पैर काटना पड़ सकता है।

धूम्रपान के कारण आंखों के आगे धुंधलापन हो जाता है। फेफड़ों के क्षतिग्रस्त होने से शारीरिक क्षमता कम हो सकती है। टीबी रोग का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। तंबाकू सेवन से मुंह, गले , स्वरतंत्र के कैंसर के अतिरिक्त, अग्न्याशय, गुर्दों, फेफड़ों, मूत्राशय के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। तम्बाकू सेवन करने वालों की रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, जिससे संक्रमण रोग आसानी से हो सकते है। धूम्रपान से पुरूषों, महिलाओं की प्रजनन क्षमता भी प्रभावित होती है। तंबाकू से सेक्स क्षमता कमजोर होती है। धूम्रपान के स्वयं पर तो दुष्प्रभाव होते ही साथ ही वातावरण भी प्रदूषित होता है, आसपास मौजूद व्यक्ति में भी दुष्प्रभाव हो सकते है। सिगरेट, बीड़ी से आग लगने का खतरा भी रहता है। अनुमान है कि एक सिगरेट, बीड़ी पीने से आयु में ५ मिनट की कमी हो जाती है।

तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन स्वास्थ्य के लिए घातक है, अतः इसका सेवन न करें, यदि करते है तो आज ही संकल्प लेकर उसका परित्याग करें।

तंबाकू, सिगरेट सेवन छोड़ना मुश्किल है। इसको छोड़ नहीं पा रहे है, तो तंबाकू, नशा उन्मूलन केंद्र में या मनोरोग चिकित्सक से परामर्श लें।

## मॉर्निंग को गुड बनाएं जॉगिंग से

**शरीर** को स्वस्थ और चुस्त रखने के लिए न जाने आज कितने ही तरीके मौजूद हैं। कई मशीनें, बैल्ट, दवाइयां, इंजैक्शन आदि न जाने क्या–क्या चीजें अपनाई जाती हैं लेकिन ऐसे में शरीर के स्वास्थ्य को बरकरार रखने के लिए सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है व्यायाम और जॉगिंग। जॉगिंग करने से कैलोरी की सबसे ज्यादा और आसानी से खपत होती है लेकिन जॉगिंग करते वक्त कुछ चीजों का ख्याल रखना चाहिए :-

- जॉगिंग करने का सबसे बढ़िया समय होता है सुबह। सुबह की हवा शरीर को ज्यादा फायदा पहुंचाती है।
- इससे शरीर में स्फूर्ति का संचार होता है और दिन भर शरीर में ताजगी बनी रहती हैं।
- देर तक सोने वाले लोगों में जल्दी उठने की आदत पड़ जाती है।
- जॉगिंग करने का सबसे अच्छा स्थल होता है पार्क या खुला मैदान जहां आसपास खूब सारे पेड़–पौधे आदि हों।
- सुबह सो कर उठने के बाद कुछ भी खाना नहीं चाहिए क्योंकि यह शरीर के लिए हितकर नहीं होता। उठने के बाद अपना मुंह धोएं और कम से कम आधा लीटर पानी पीएं। सुबह खाली पेट पानी पीने से शरीर की गंदगी बाहर निकल जाती है।
- जॉगिंग शुरू करने से पहले अपने शरीर को वार्मअप कर लें जैसे स्किपिंग, उठा–बैठक, कुछ कसरत आदि।
- जॉगिंग पर जाते समय ढीले–ढाले कपड़े पहनें ताकि आपको जो पसीना आए वह आसानी से सूख सके व शरीर को भी आरामदायक महसूस हो।
- जॉगिंग करते वक्त बहुत तेज–तेज न भागें। आप चाहें तो थोड़ी देर धीरे–धीरे भाग सकते हैं या फिर तेज–तेज चलें।



## रक्तदान के फायदें

- हमारे शरीर में खून अस्थि मज्जा में बनता है और रक्तदान का सबसे बड़ा फायदा इसी अस्थि मज्जा का सक्रिय रहना है। यानी जिस दर से हमारा शरीर 18 साल की उम्र में खून बनाता है उसी दर से वह 50 साल की उम्र में भी खून बनाएगा।
- बारबार रक्तदान से व्यक्ति का कोलेस्ट्राल नियंत्रण में रहता है।
- सबसे ज्यादा फायदा ब्लड प्रेशर के मरीजों को है। हालांकि उन्हें डाक्टर की सलाह से ही रक्तदान करना चाहिए।
- जिस भी ब्लड बैंक में आप रक्तदान करेंगे वह आपको एक 'डोनर कार्ड' देगा जिस पर आपको अगले 1 साल तक जरूरत पड़ने पर रक्त मुफ्त दिया जाएगा।
- एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, पी।डी।आर।एल। (सिफलिस) व मलेरिया की जांच मुफ्त हो जाएगी। इसके अलावा समाज कल्याण और खुद की संतुष्टि आपको खुश रखेगी।

## नमक के फायदे

**भोजन** को स्वाद देने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक होता है नमक, लेकिन इसके अलावा भी नमक अनेक फायदे देता है। आम दिनचर्या में ही बार–बार नमक का उपयोग कई तरीकों से किया जाता है। आइये जानें:–

- गला खरा होने पर नमकीन पानी से गरारे करें।
- एक भाग नमक में दुगना भाग बेकिंग सोडा मिलाकर दांत साफ करने से दांत चमक उठते हैं।
- मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा और नमक की बराबर मात्रा पानी में मिलाकर कुल्ला करें।
- नहाने के बाद गीले शरीर पर सूखे नमक से हल्की मसाज करें। इससे शरीर की मृत त्वचा हट जाएगी। साथ ही रक्त संचार भी बेहतर हो जाएगा।
- पैरों से दर्द भगाने के लिए गुनगुने पानी में नमक मिलाकर उसमें पैर डुबोकर बैठें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक–3–6–8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक–6–7–9

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक–3–4–8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक–4–8–9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक–6–8–9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश–प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन–भर रहेगा। शुभांक–4–2–9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन–पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान–पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक–6–8–9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक–2–6–7


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा–गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक–3–7–9

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक–6–7–8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक–2–5–7


**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक–3–7–8

## काकुरो पहेली - 2954




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

**काकुरो - 2953 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका (प्रेमी से)– नरेश, आप जुआ मत खेला करो, जुएँ में अगर आदमी एक दिन जीतता है तो दूसरे दिन हारता भी है।

नरेश– तो ठीक है! तुम्हें घबराने की कोई जरूरत नहीं। आज से मैं एक दिन छोड़कर जुआ खेला करूँगा!


एक रईसजादी ने दो घोड़े खरीदे। उन दोनों घोड़ों की अलग–अलग पहचान के लिए अंतर कैसे रखा जाए, इस बाबद उसने अपने पड़ोसी से पूछा। पड़ोसी ने सुझाया कि एक घोड़े की पूँछ काट दो।

उसने पूँछ काट दी, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े की पूँछ एक झाड़ी में फँस गई और काटनी पड़ी। अब दोनों घोड़े पूँछ कटे हो गए थे। फिर पहचान की समस्या आ खड़ी हुई। उसने फिर पड़ोसी से राय ली।

पड़ोसी ने कहा कि एक घोड़े का एक कान काट दो, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े का कान खेत के चारों तरफ लगी तार फेंसिंग में उलझ कर कट गया।

उसने सुझाया कि उनकी ऊँचाई नाप लो। रईसजादी ने घोड़ों की ऊँचाई नापकर पड़ोसी को बताई– 'सफेद घोड़ा काले घोड़े से दो इंच ऊँचा है।'

## फिल्म वर्ग पहेली - 2954



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म–२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म–३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म–२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म–२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म–३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म–३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म–३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका–२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?–३
१६. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म–२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?–३
२०. जॉन, बिपाशा की एक फिल्म–२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म–२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म–३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म–२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म–२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी–२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था–२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म–४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है–३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म–३
२. १९७१ के भारत–पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म–३
३. 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म–४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखों' गीत वाली फिल्म–३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म–३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?–३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म–३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म–३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म–२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म–३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म–३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म–२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली फिल्म–४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म–४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म–४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?–२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबु' गीत वाली फिल्म–२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता की फिल्म–२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2953**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दा | र | | रे | मां | स | | आ | शा |
| शी | | त | ला | श | | प | ड़ो | स | न |
| | ध | न | वा | न | | ने | | ग | |
| ध | र्मा | | रि | | जू | | झु | | सु |
| | त्मा | | स | हे | ली | | म | सी | हा |
| फा | | श | | मा | | गु | रू | | ग |
| गु | म | ग | ह | | मे | ला | | डॉ | |
| न | | बी | | आ | | म | हा | न | ता |
| | काँ | | आ | शि | की | | द | | ल |
| वां | टे | ड | | क | | इं | सा | फ | |

## सूडोकु - 2954


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2953 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 2954



**बाएँ से दाएँ**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

**शब्द पहेली - 2953 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |



# वेलकम 3 को लेकर बेहद उत्सुक हैं लारा दत्ता


बॉलीवुड एट्रेस लारा दत्ता ने कई हिट फिल्मों में काम किया है। लारा अब अपनी अगली फिल्म वेलकम 3 की तैयारी में जुटी हुई हैं। यह वेलकम फेंचाइजी का तीसरा भाग है। इस फिल्म का नाम वेलकम टू द जंगल है। दर्शकों को वेलकम के अगले भाग का बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में लारा दत्ता ने मल्टीस्टाररर फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही रोमांचक होने वाला है। लारा दत्ता ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं यह बता नहीं सकती की कितने लोगों के संदेश आते हैं कि या हम सेट पर आ सकते हैं। यह बहुत ही अच्छा लगता है। जाहिर सी बात है कि मेरे और रवीना के बोर्ड पर आने के लिए, इस फिल्म का हिस्सा बनने से कुछ तो खास होना चाहिए। लारा इस फिल्म का हिस्सा बनने से बेहद खुश हैं। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है।

### फिल्म में ये स्टार्स आएंगे नजर

बता दें कि वेलकम फेंचाइजी की इस तीसरी फिल्म में अक्षय कुमार, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी और परेश रावल भी नजर आएंगे। वेलकम 3 में इन स्टार्स के अलावा तुषार कपूर, जैकलीन फर्नांडीज, रवीना टंडन, लारा दत्ता, दिशा पटानी, वृहि कोदवारा, जाकिर हुसैन, शारिब हाशमी, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, मीका सिंह, दलेर मेहंदी और यशपाल शर्मा भी दिखाई देंगे।

### अगले साल दिसंबर में रिलीज होगी फिल्म

वेलकम टू द जंगल का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म के टीजर को दर्शकों की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिरोज नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। यह एक मल्टीस्टाररर फिल्म है। इस फिल्म में पहली बार 24 कलाकार एक साथ पर्दे पर दिखाई देंगे। अहमद खान इस फिल्म को निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# शॉर्ट ड्रेस पहन जाह्नवी कपूर ने गिराई हुस्न की बिजलियां

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर फिल्मों से ज्यादा अपने हॉट एंड ग्लैमरस अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। चाहे वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल जाह्नवी हर आउटफिट में बेहद खूबसूरत दिखती हैं। हाल ही में जाह्नवी ने ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है। लेटेस्ट तस्वीरों में जाह्नवी ब्लू कलर की डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इस स्टाइलिश आउटफीट में जाह्नवी का लुक बेहद गॉर्जियस लग रहा है। जाह्नवी ने खुले बालों, लाइट मेकअप और पैरों में हाई हिल्स के साथ अपने लुक को कम्प्लीट किया है। तस्वीरों में जाह्नवी जमीन पर बैठकर बेहद हॉट अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। जाह्नवी का यह बोल्ड अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। फैंस कमेंट करके एक्ट्रेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। जाह्नवी कपूर आखिरी बार वरुण धवन के साथ फिल्म 'बवाल' में नजर आई थीं। जाह्नवी जल्द ही राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही', जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म 'देवरा' और फिल्म उलझ में नजर आने वाली हैं।

# अब रियालिटी शो में किस्मत आजमाएंगी अंकिता लोखंडे

बिग बॉस 17 जल्द ही दर्शकों को एंटरटेन करने आ रहा है। ऐसे में फैंस शो के नए सीजन को लेकर काफी एसाइटेड हैं। वहीं अब शो के पहले कंफर्म कंटेस्टेंट का नाम सामने आ चुका है। खबरें हैं कि पवित्र रिश्ता एट्रेस अंकिता लोखंडेबिग बॉस 17 में एंट्री लेने जा रही हैं। कहा जा रहा है कि एट्रेस ने इस बात की पुष्टि है कि वह शो का हिस्सा होने वाली हैं।

### विक्की जैन के साथ बिग बॉस 17 में दिखेंगी अंकिता

अंकिता लोखंडे ने कहा है कि वह बिग बॉस 17 में बतौर कटेस्टेंट जाने वाली हैं। ऐसे में वह बिग बॉस 17 की पहली कंफर्म कटेस्टेंट बताई जा रही हैं। बता दें कि बिग बॉस 17 की थीम दिल दिमाग और दम है। कहा जा रहा है कि इस बार कपल और सिंगल दोनों बिग बॉस में घर में रहेंगे। ऐसे में अंकिता का नाम कपल के तौर पर सामने आया है। अगर ऐसा हुआ तो शो में अंकिता के साथ उनके पति विक्की जैन भी नजर आ सकते हैं।

### अटूबर के पहले हते से शुरू हो सकता है बिग बॉस 17

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'बिग बॉस 17' अटूबर के पहले हते से शुरू होने के संभावना है। बीते दिनों मेकर्स ने शो का प्रोमो शेयर किया था। वीडियो में सलमान इस सीजन की थीम बताते नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा– इस बार का खेल दिल, दिमाग और दम से खेला जाएगा। हालांकि शो कब शुरू होगा अभी तक इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।


### बिग बॉस 17 के लिए सामने आए कई कंटेस्टेंट्स के नाम

बिग बॉस 17 के लिए अभी तक कई नाम सामने आ चुके हैं। कहा जा रहा कि शो के इस सीजन में अंजुम फकीह, अर्जित तनेजा, ईशा मालविया, कंवर ढिल्लौं, हर्ष बेनीवाल और मुनव्वर फारुखी जैसी हस्तियां आ सकती हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से किसी भी कंटेस्टेंट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई है।



# 'गणपथः राइज ऑफ द हीरो' में कृति सेनन के पावर-पैक एक्शन अवतार से प्रभावित हुए जैकी भगनानी

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'गणपथ – राइज ऑफ द हीरो' के प्रति अपनी अद्भुत प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ अपनी सीमाओं को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं। 20 अक्टूबर, 2023 को ग्रैंड रिलीज के साथ पूजा एंटरटेनमेंट मनोरंजन की दुनिया में एक नया मानदंड स्थापित करेगा। इस सिनेमाई कल्पनात्मक के पीछे का रचनात्मक दिमाग, जैकी भगनानी, जनता के सामने एक ऐसा दृश्य पेश करने को लेकर उत्साह से भरे हुए हैं जो इससे पहले कभी नहीं देखा गया। हालांकि, 'गणपथ' के ताज का असली रत्न कोई और नहीं बल्कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन हैं, जो एक रॉ और रग्ड एक्शन अवतार में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं, एक ऐसा दृश्य जिसे देश ने पहले कभी नहीं देखा। निर्माता जैकी भगनानी शानदार कलाकारों और कृति के एक्शन पावरहाउस के बारे में बात करते हुए कहा, गणपथ मेरे सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है, जो एक्शन और रोमांच से भरपूर मिश्रण का वादा करती है। दर्शकों के लिए हमारे पास जो शानदार रेविलेशन है वह है कृति सेनन का पावर–पैक एक्शन अवतार। उन्होंने कहा, कृति सेनन ने खुद को एक असाधारण परिवर्तन यात्रा में अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच 9 महीने के गहन प्रशिक्षण से गुजरते हुए, ननचुक्स चलाने की कला में महारत हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने चरित्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता प्रेरणादायक है। 'गणपथ' टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन, दो शानदार प्रतिभाओं के बीच रोमांचक सहयोग का प्रतीक है, जो अपनी केमिस्ट्री और कौशल से स्क्रीन पर भूचाल मचाने का वादा करते हैं। टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की विशेषता वाले आकर्षक पोस्टरों ने पहले ही दर्शकों में प्रत्याशा की लहर बढ़ा दी है, जिससे वे और अधिक के लिए उत्सुक हो गए हैं। 'गणपथ–राइज ऑफ द हीरो' में अपनी भूमिका के प्रति कृति सैनन की अटूट प्रतिबद्धता उनके शिल्प के प्रति उनके दृढ़ संकल्प और जूनून के प्रमाण के रूप में खड़ी है।




# महिला आरक्षण बिल पर बोलीं मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज कौर संधू , कहा- 'यह एक बड़ा फैसला है'

महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा ने आखिरकार महिलाओं के हित में एक नया कदम उठाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाने वाला यह विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें देगा। मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज कौर संधू ने महिला आरक्षण बिल पर अपनी राय देते हुए कहा, 'अभी जो बिल सरकार ने पास किया है, उसकी बहुत जरूरत थी और इससे महिलाओं को सशक्तिकरण मिलेगा। यह एक बड़ा फैसला है। मैं इसके लिए भारत को बधाई देना चाहती हूं।'

कंगना रनौत, ईशा गुप्ता, तमन्ना भाटिया और शहनाज गिल सहित अन्य बॉलीवुड हस्तियों ने बिल के संबंध में महिलाओं के लिए उठाए गए बड़े कदम की सराहना की। अनजान लोगों के लिए, हरनाज़ कौर संधू एक मॉडल, अभिनेत्री और सौंदर्य प्रतियोगिता की खिताब धारक हैं, जिन्हें मिस यूनिवर्स 2021 का ताज पहनाया गया था। वह 21 साल के लंबे अंतराल के बाद मिस यूनिवर्स जीतने वाली भारत की तीसरी हैं। संधू को पहले 2019 में फेमिना मिस इंडिया पंजाब का ताज पहनाया गया था और फेमिना मिस इंडिया 2019 प्रतियोगिता में सेमीफाइनलिस्ट के रूप में रखा गया था। उन्होंने 2021 और 2022 में दो पंजाबी फिल्मों में काम किया है, जिनमें यारा दियां पून बारां और बाई जी कुट्टन गे शामिल हैं। वह 2019 में तारथली नाम के एक म्यूजिक वीडियो में भी नजर आईं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011